

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-281 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली ,10 जनवरी ।** अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्तूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। 25 अक्तूबर , 2015 को इंडोनेशिया में बाली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था और भारत लाया गया था।

### मेरठ में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या

**मेरठ ,10 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ से एक भयावह वारदात सामने आई है। यहां पर एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई। वहीं, कुछ शव बेड के अंदर छिपा दिए गए। यह घटना मेरठ के लिसाड़ी गेट के सोहेल गार्डन के पास की है। यहां पर घर के अंदर पति-पत्नी और उनकी तीन बेटियों की लाश मिली है। जानकारी के मुताबिक मृतक मोइन पेशे से राजमिस्त्री था। मोइन और उसकी पत्नी साथ के तीन बेटियों की मौत हो गई।

पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। हत्या की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और डॉग स्क्वॉड से हत्या के सुराग ढूंढने की कोशिश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में मोइन, उसकी पत्नी आसमा, तीन बच्चे अफ्सा (8), अजीजा (4), अदीबा (1) शामिल हैं। सभी के शव एक ही कमरे में मिले, साथ ही बच्चों की लाशों को बेड के अंदर छुपा दिया गया था।हत्या की वारदात का पता तब चला, जब मृतक मोइन का भाई सलीम गुरुवार शाम को घर पहुंचा। जब सलीम अपनी पत्नी के साथ पहुंचा, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला, इसके बाद पड़ोसियों से बात करने पर पता चला कि बुधवार से कोई दिखाई नहीं दे रहा। जबरदस्ती दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर सभी दंग रह गए। पूरा परिवार मृत मिला।

महाकुंभ में बाबाओं के करतब देखने के लिए भी लोगों की भीड़ उमड़ रही





## एक ही परिवार के 3 लोगों की मिली लाश



**रायगढ़,10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. झोपड़ी में मां-बेटी का शव जला मिला है. बेटे की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है. घटना की जानकारी मिलते ही घरघोडा पुलिस मौके पर पहुंची है. यह घटना घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम कमतरा की है. सूत्रों के मुताबिक, युवक ने पेट्रोल डालकर घर में आग लगाई है, जिससे मां-बेटी की जलकर मौत हो गई. इसके बाद बेटे संतोष कुमार ने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है. तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस घटना की जांच में जुटी है.

सीएम साय की दो टूक

## गौ माता की तस्करी करने वाले या तो सुधर जाएं या छोड़ दें छत्तीसगढ़

**रायपुर,10 जनवरी।** प्रदेश में गौमाता की तस्करी और गौमांस की बिक्री करने वालों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि गौमाता की तस्करी करने वाले या तो सुधार जाएं या छत्तीसगढ़ छोड़ दें. ऐसे अपराधियों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राजधानी रायपुर में गौमांस बिक्री के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. यह न केवल गंभीर अपराध है, बल्कि यह सनातन आस्था और सामाजिक सद्भाव को गहरा आघात पहुंचाने



वाला कृत्य है. गौमाता की तस्करी करने वाले या तो सुधर जाएं या छत्तीसगढ़ छोड़ दें. ऐसे अपराधियों की प्रदेश में कोई जगह नहीं है. बता दें कि रायपुर के मोमिनपारा इलाके में बीती देर रात गौकशी से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया था, जहां एक घर से बड़ी मात्रा में गौ मांस बरामद हुआ था. गौकशी का मामला तब उजागर हुआ जब पुलिस ने मोमिनपारा में छापा मारा. बताया जा रहा है गौ मांस बेचने के लिए दो गायों की गौकशी की गई थी.

## मुख्यमंत्री ने ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव 2.0 का किया आगाज

**रायपुर,10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दो दिवसीय ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0 का आयोजन किया जा रहा है. 10 और 11 जनवरी को यह कॉनक्लेव होगा. जिसमें 17 राज्यों से 1500 प्रतिनिधि शामिल हो रहे है. सेकेन्डरी स्टील में राष्ट्रीय स्तर का इतना बड़ा आयोजन करने का सौभाग्य छत्तीसगढ़ को मिला है. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री साय, मंत्री लखनलाल देवांगन और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर की. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए स्वाभग्य का विषय है. अब तक का सबसे बड़ा स्टील कॉन्क्लेव यहां हो रहा है. 2025 के शुरुआत में हो रहा है. बहुत से उद्योगपति है. जिनसे मैं पिछले वर्षो से मिलता रहा हूं. कई सबमिट में उद्योगपतियों से मुलाकात होती रही है. इस कॉन्क्लेव में 17 राज्यों से उद्योगपति आए है. इस कॉन्क्लेव में 2 दिन आप सभी लोग विचार मंथन करने वाले है. 2 दिनों में आप लोग स्टील के सेक्टर में चर्चा करेंगे, यहां से नई दिशा मिलेगी ऐसा मैं विश्ववास करता हूं. हमारा प्रदेश देश की इकनॉमी का पावर हाउस है. दो दिन में हमारे प्रदेश की नई उद्योग नीति की चर्चा होगी. नए रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है. हम लोग आपको हर योजना प्रारम्भ करेंगे. प्रदेश के हर उद्यमी को प्रदेश का ब्रांड एंबेसडर बनना होगा. छत्तीसगढ़ में अवसर के कई द्वार खुलने वाले है.

## टूडो के जाते ही खालिस्तानियों को झटके लगने शुरू

**नई दिल्ली,10 जनवरी।** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्या केस में कनाडा सरकार को झटका लगा है। खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी चार भारतीय नागरिकों को कनाडा की एक अदालत ने जमानत दे दी है। चार आरोपी भारतीय नागरिकों - करण बराड़, अमनदीप सिंह, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह पर प्रथम श्रेणी की हत्या और हत्या की साजिश का आरोप लगाया गया था। 18 जून 2023 को अलगाववादी हरदीप सिंह कोलंबिया में एक गुरुद्वारा की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, ये हिरासत में नहीं हैं। निज्जर हत्याकांड भारत-कनाडा के बीच विवाद की वजह बन गया था, क्योंकि प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने हत्या में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया था। चार भारतीय नागरिकों को रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने मई 2024 में कनाडा के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया था। हालाँकि, प्रारंभिक सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत करने में देरी की आलोचना हुई। अदालती दस्तावेजों से पता चलता है कि सभी चार लोगों को मुकदमे की प्रतीक्षा के दौरान कार्यवाही पर रोक के तहत रिहा कर दिया गया था। वे 18 नवंबर, 2024 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, सभी चार प्रतिवादियों की स्थिति को एन के रूप में चिह्नित किया गया था, जो दर्शाता है कि वे हिरासत में नहीं हैं। इसका मतलब यह है कि व्यक्तियों को वर्तमान में हिरासत में नहीं लिया गया है और आगे की अदालती कार्यवाही की प्रतीक्षा करते हुए वे जमानत पर बाहर हो सकते हैं या विशिष्ट शर्तों के तहत रिहा हो सकते हैं। कनाडाई सरकार ने मामले को सरे प्रांतीय न्यायालय से ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करते हुए प्रत्यक्ष अभियोग लागू किया है। यह कानूनी पैंतरेबाज़ी प्रारंभिक जांच को दरकिनार कर देती है, जिससे मामले की सुनवाई में तेजी आती है।

## मैं देवता नहीं, गलतियां मुझसे भी होती हैं: मोदी

**नई दिल्ली,10 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज़ेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ द्वारा होस्ट किए जाने वाले पॉडकास्ट पीपल बाय डब्ल्यूटीएफ पर अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कामथ ने एक्स पर एक ट्रेलर साझा करके आगामी एपिसोड के बारे में जानकारी दी। ट्रेलर राजनीति और उद्यमिता को जोड़ने वाली चर्चाओं में शामिल होने के पॉडकास्ट के इरादे को दर्शाता है। दो मिनट के प्रीव्यू में कामथ और पीएम मोदी के बीच एक अनौपचारिक चर्चा दिखाई गई है, जहां कामथ ने खुले तौर पर अपनी घबराहट को स्वीकार करते हुए कहा कि मैं यहां आपके सामने बैठा हूं और बात कर रहा हूं, मुझे घबराहट महसूस हो रही है। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है। पीएम मोदी ने अपने पॉडकास्ट डेब्यू को स्वीकार करते हुए जवाब दिया कि यह मेरा पहला पॉडकास्ट है, मुझे नहीं पता कि यह आपके दर्शकों को कैसा लगेगा। उनकी चर्चा में वैश्विक संघर्ष, राजनीति में युवाओं की भागीदारी और प्रधान मंत्री के रूप में पीएम मोदी के लगातार कार्यकाल सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।



बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने असंवेदनशील तरीके से कुछ कहा था। गलतियाँ होती हैं। मैं इंसान हूं, भगवान नहीं। प्रधानमंत्री अच्छे लोगों के राजनीति में आने की वकालत करते हुए इस बात पर जोर देते हैं कि उन्हें एक मिशन के साथ राजनीति में आना चाहिए न कि किसी महत्वाकांक्षा के साथ। मोदी ने कामथ की ओर से साझा किए गए पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि आप सभी को यह उतना ही पसंद आया होगा, जितना आपके लिए इसे बनाने में हमें मजा आया। निखिल कामथ एक भारतीय स्टॉक ब्रोकर और सफल एंटरप्रेन्योर हैं। उन्होंने साल 2010 में ज़ेरोधा की स्थापना की थी। ज़ेरोधा स्टॉक, कमोडिटी, म्यूचुअल फंड, बॉन्ड और मुद्रा में ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएं देता है. निखिल ने अपने बड़े भाई नितिन कामथ के साथ ज़ेरोधा की शुरुआत की थी। ज़ेरोधा के 10 मिलियन क्लाइंट हैं, जो इसे देश की सबसे बड़ी ब्रोकरेज फर्मों में से एक है। वह रेनमैटर के भी फाउंडर हैं। निखिल 2024 फोर्ब्स के विश्व अरबपतियों की लिस्ट में भी शामिल थे और फोर्ब्स के मुताबिक उनकी संपत्ति 3.1 बिलियन है।

## मुठभेड़ में IED एक्सपर्ट कोरसा महेश के साथ तीन हार्डकोर माओवादी हुए ढेर

**सुकमा,10 जनवरी।** पालीगुड़ा-गुंडराजगुड़ेम मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं. इनमें दक्षिण बस्तर डिवीजन एवं पीएलजीए बटालियन क्रमांक 1 का ढ्श्वष्ठ एक्सपर्ट महेश के साथ माडवी नवीन उर्फ कोसा एसीएम पश्चिम बस्तर, अलवम भीमा एसीएम जोनागुडा के रूप में पहचान हुई है.माओवादी महेश वर्ष 2023 में बेदरे तथा वर्ष 2024 में जगरगुण्ड़ा क्षेत्र में हुये घटनाओं में भी मास्टर माइंड रहा है. महेश के साथ अन्य दोनों नक्सलियों पर कुल मिलाकर 18 लाख रुपए का इनाम था. नक्सलियों के शव के साथ घटनास्थल से 2 बीजीएल लांचर, एक 12 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है. पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 8 जनवरी को जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ एवं



203, 204, 206 208 CoBRA तथा 241, 131 CRPF की संयुक्त पार्टी शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर पालीगुड़ा-गुंडराजगुडेम क्षेत्र में रवाना हुई थी. अभियान के दौरान 9 जनवरी को सुबह 8 बजे ग्राम पालीगुड़ा- गुंडराजगुडेम के मध्य जंगल पहाड़ में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो रूक-रूक कर चलती रही. मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर तीन पुरुष हार्डकोर माओवादियों का शव हथियार सामग्री सहित बरामद हुआ. इनमें से पश्चिम बस्तर बीजापुर क्षेत्र निवासी कोरसा महेश पर 8 लाख रुपए, पश्चिम बस्तर बीजापुर निवासी माडवी नवीन उर्फ कोसा एसीएम पर 5 लाख और जोनागुड़ा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा निवासी अवलम भीमा एसीएम पर भी पांच लाख रुपए का ईनाम था. मारे गए हार्डकोर माओवादी डिप्टी कमाण्डर पूर्व में PLGA बटालियन नंबर 01 का सक्रिय सदस्य कोरसा महेश आईईडी एक्सपर्ट था, जो जिले के महत्वपूर्ण कई घटनाओं में शामिल था. इनमें 17 दिसंबर 2023 में जगरगुण्डा थाना क्षेत्रान्तर्गत कैम्प बेदरे के नजदीक सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी की हत्या की घटना में शामिल था. इसके अलावा 23 जून 2024 को थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत सिलगेर-टेकलगुड़ेम के मध्य तिमापुरम के पास सीआरपीएफ के ट्रक वाहन को आईईडी ब्लास्ट 02 सीआपीएफ के जवान की मृत्यु. 3 नवंबर 2024 को जगरगुण्डा के साप्तहिक बाजार में 2 पुलिसकर्मी पर जान लेवा हमला कर हथियार लूटने की घटना. और 28 दिसंबर 2024 को थाना पोलमपल्ली क्षेत्रान्तर्गत गोरगुण्डा एवं पोलमपल्ली के पास सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट करने में मास्टर माइंड था.

## ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत, कई घायल

**सुकमा,10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में सुकमा-तेलंगाना बार्डर पर तेज रफ्तार बस रेत से भरे ट्रक से जा टकराई. इस हादसे में 4 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं. यह हादसा तड़के साढ़े 3 से 4 बजे के बीच हुआ है. इस हादसे में बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है.जानकारी के मुताबिक, यह हादसा



तेलंगाना के सूर्यापेट-खम्मम नेशनल हाइवे पर हुआ है. जगदलपुर की गुप्ता ट्रेवल्स की बस ओडिशा से हैदराबाद के लिए रवाना हुई थी. तड़के यह बस यात्रियों को लेकर सुकमा होते हुए हैदराबाद की तरफ जा रही थी, तभी बीच रास्तें में कोहरे के कारण बस के चालक को सड़क पर खड़ी ट्रक दिख नहीं पाया, जिसके कारण तेज रफ्तार बस रेत से भरे ट्रक से जा टकराई. घटना की जानकारी मिलते ही तेलंगाना के सूर्यापेट डीएसपी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं हादसे में अब तक 2 महिला और 2 पुरूषों की मौत की पुष्टि पुलिस ने की है. बताया जा रहा है कि कई यात्रियों को गंभीर चोट आई है, जिनका इलाज जारी है. पुलिस मामला दर्ज कर घटना के कारणों की जांच में जुटी है.

## शरद पवार ने RSS की जमकर की तारीफ

**मुंबई,10 जनवरी।** राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार ने अपनी विचारधारा के प्रति समर्पण के लिए आरएसएस की प्रशंसा की है और अपनी पार्टी से शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और राजनीतिक दिग्गज यशवंतराव चव्हाण के प्रगतिशील विचारों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ एक कार्यकर्ता आधार बनाने का आग्रह किया है। दक्षिण मुंबई में एक बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पास समर्पित कैडर हैं जो हिंदुत्व संगठन की विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा दिखाते हैं और किसी भी कीमत पर अपने रास्ते से नहीं हटते हैं। सूत्रों के अनुसार, मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, अनुभवी राजनेता ने कहा कि पिछले साल नवंबर के चुनावों में भाजपा की सफलता के पीछे आरएसएस की कार्य पद्धति और उसका आक्रामक हिंदुत्व अभियान प्रमुख स्तंभ थे, जहां पार्टी ने 149 सीटों पर चुनाव लड़कर 132 सीटें जीतीं। पवार, जिनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है, ने 1957 में सफाए के बाद महाराष्ट्र में कांग्रेस के पुनरुद्धार को याद किया। उन्होंने असफलताओं का सामना करने के बावजूद 1962 और 1977 में पार्टी की जीत पर प्रकाश डाला। पवार ने कहा कि हमारे पास भी ऐसा कैडर बेस होना चाहिए जो छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और यशवंतराव चव्हाण की विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध हो। महाराष्ट्र में नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) की बुरी हार पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सफलता के बाद हम आत्मसंतुष्ट हो गए, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन (भाजपा नीत महायुति) ने संसदीय चुनावों में अपनी हार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए।समर्पित आरएसएस कार्यकर्ताओं का उदाहरण देते हुए, पवार ने जमीनी स्तर तक संगठन के सावधानीपूर्वक काम को भी स्वीकार किया।

## योगी आदित्यनाथ ने कुंभ में किया मुसलमानों का स्वागत लेकिन शर्तें भी लगाईं

**लखनऊ,10 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी बड़े ही जोर-शोर से की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। वह बार-बार प्रयागराज का दौरा कर रहे हैं। इस सबके बीच इस बात की चर्चा थी कि कुंभ के दौरान यहां मुसलमानों की एंट्री बैन कर दी गई है। हालांकि, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद इस मुद्दे पर खुलकर बात की है। योगी आदित्यनाथ से इस विषय पर पूछा गया तो उन्होंने साफ-साफ कहा कि जिस किसी को भी भारत की सनातन परंपरा में आस्था है वह यहां आएं। हालांकि उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कह दिया कि गलत मानसिकता से लोग यहां नहीं आएं। कुछ भी गलत करते हुए पकड़े जाने पर उनके साथ दूसरे तरीके से व्यवहार हो सकता है। योगी आदित्यनाथ ने कुंभनगरी में मुसलमानों का स्वागत करते हुए शर्तें भी लगा दी हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान ऐसे ही लोगों का स्वागत है जो अपने को भारतीय मानते हों। सनातन परंपरा में श्रद्धा रखते हैं। जिन्हें ऐसा लगता है कि भूतकाल में किसी दबाव में आकर उनके पूर्वजों ने उपासना विधि के रूप में इस्लाम स्वीकार किया था,



लेकिन वे सनातनी हैं तो उनका कुंभ में स्वागत हैं। योगी ने कहा कि कुंभ में ऐसे लोगों का स्वागत है जो अपने गोत्र को भारत के ऋषियों के नाम से जोड़कर देखते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसे लोग प्रयागराज आएं और परंपरागत तरीके से संगम में स्नान करें। ऐसे लोगों के आने में कोई समस्या नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ वक्फ बोर्ड के दावों का जवाब देते हुए कहा कि अगर कोई आएगा और कहेगा कुंभ की यह भूमि हमारी है और हम लोग इस पर कब्जा करेंगे तो मुझे लगता है कि उनको डेंटिंग-पेंटिंग का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज दौरे के पहले दिन साधु संतों के साथ रात्रि भोज किया और उन्हें उपहार भी भेंट किया। रात्रि भोज में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा के संत उपस्थित रहे। इस रात्रि भोज कार्यक्रम में जूना, निरंजनी, उदासीन बड़ा, निर्मल, तीनों वैष्णव अखाड़े (निर्मोही, दिगंबर, निर्वाणी), अग्नि, आवाहन, अटल एवं आनंद अखाड़े के संत भी शामिल रहे। साथ ही खाकचौक से संतोष दास (सतुआ बाबा) भी इस दौरान उपस्थित रहे। साधु संतों ने मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुष्प वर्षा कर स्वागत और अभिनंदन किया।

# कबीरधाम के बैगा परिवार राष्ट्रपति के विशेष न्यौता पर गणतंत्र दिवस समारोह पर होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड के तीन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों के छह सदस्य 26 जनवरी 2025 को देश की राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ में आयोजित 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होंगे। यह अवसर न केवल इन परिवारों के लिए, बल्कि पूरे कबीरधाम जिले के लिए गौरव और सम्मान का पल होगा। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपति मुर्मू के विशेष आमंत्रण पर कबीरधाम जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजति बैगा परिवार के तीन परिवारो को आमंत्रित किया गया है। विशेष आमंत्रित बैगा परिवारों में ग्राम पंचायत कादावनी के आश्रित ग्राम पटपरी की श्रीमती जगतिन बाई बैगा और उनके पति फूल सिंह बैगा, ग्राम तेलियापानी की श्रीमती तीतरी बाई बैगा और पति बुध सिंह बैगा, और ग्राम तेलियापानी की ही श्रीमती बाली बाई बैगा,पति सोनू राम बैगा कुल छः बैगा सदस्य है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के विशेष निमंत्रण पर दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने का गौरव प्राप्त होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैगा परिवारो को राष्ट्रपति के विशेष निमंत्रण प्राप्त होने पर बधाई और



शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर ने जिले के इन बैगा परिवारों को दिल्ली तक गणतंत्र दिवस के आयोजन तक सुरक्षित ले जाने के लिए इन परिवारों के साथ जिला क्रेडा अधिकारी नंद कुमार गायकवाड़ की डियूटी लगाई है।

### राष्ट्रपति से मुलाकात और विशेष रात्रि भोज का अवसर

कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ आयोजित विशेष रात्रि भोज में सम्मिलित होने का भी सम्मान प्राप्त होगा। इन परिवारों को इसके अलावा, ये परिवार प्रधानमंत्री आवास, संसद भवन और राष्ट्रपति भवन और भी अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

### सौर ऊर्जा ने बदली बैगा परिवारों की जिंदगी

महज एक साल पहले, 2024 की दीपावली के पहले तक इन परिवारों के घरों में अंधेरा था। बिजली की सुविधा से वंचित इन बैगा परिवारों की समस्याओं को दूर करने के लिए जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 24 अक्टूबर 2024 को ग्राम पंचायत कादावनी के मजराटोला पटपरी में जन चौपाल लगाई थी। इस दौरान उन्होंने क्रेडा विभाग को निर्देश दिया कि ग्राम पटपरी के सभी 25 घरों को सौर ऊर्जा संयंत्र से विद्युतीकृत किया जाए। क्रेडा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, प्रत्येक घर में 300 वॉट क्षमता के सोलर होम लाइटिंग सिस्टम लगाए। दीपावली के पहले ही इन घरों में पहली बार रोशनी पहुंची, जिससे इन परिवारों के जीवन में उजाला आया। इसी दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नंद लाल बैगा के घर जाकर उनके परिवार के साथ भोजन भी किया था।

### बैगा परिवारों ने भावुक होकर बोले यह सपना सच होने जैसा है

दिल्ली जाने की खबर से इन परिवारों में उत्साह और गर्व का माहौल है। श्रीमती जगतिन बाई बैगा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमने कभी सोचा भी नहीं था कि हमें राष्ट्रपति जी से मिलने का मौका मिलेगा। पहले हमारे गांव में अंधेरा था, लेकिन अब सौर ऊर्जा की वजह से हमारे घर रोशन हैं। यह सरकार और कलेक्टर साहब की बदौलत संभव हुआ है।श्रीमती तीतरी बाई बैगा ने बताया कि हमारी जिंदगी में यह सबसे बड़ा अवसर है। राष्ट्रपति जी से मिलना और गणतंत्र दिवस समारोह देखना हमारे पूरे गांव के लिए गर्व की बात है।

## एक नजर

### दुष्कर्म:युवक पर मामला दर्ज

**भिलाई, 10 जनवरी।** भिलाई पुरानी भिलाई पुलिस ने सीजी सिटी दादर रोड चरोदा निवासी विकास घसिया नाम के युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है आरोपित के खिलाफ उसकी प्रेमिका ने ही रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें पीड़िता ने उस पर 10 साल तक दैहिक शोषण करने का आरोप लगाया है आरोपित फरार है पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपित की मुलाकात 11 साल पहले एक कोचिंग सेंटर में हुई थी उस समय दोनों कक्षा 12वीं में पढ़ते थे पढ़ाई के दौरान ही दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हुआ था 10 साल पहले आरोपित ने अपने किराये के मकान चरोदा में पीड़िता को शादी का झांसा देकर उससे पहली बार शारीरिक संबंध बनाया था इसके बाद से आरोपित उसे अलग अलग स्थानों पर घुमाने ले जाता रहा और 10 साल तक लगातार उसका दैहिक शोषण करता रहा बीते नवंबर 2024 में पीड़िता परीक्षा देने के लिए बिलासपुर गई थी आरोपित भी उसके साथ गया था और वे दोनों बिलासपुर के एक होटल में एक साथ रुके थे बिलासपुर में भी आरोपित ने पीड़िता से दुष्कर्म किया वहां से लौटने बाद आरोपित ने किसी दूसरी लड़की से सगाई कर ली जब पीड़िता को इस बात की जानकारी हुई तो उसने आरोपित से शादी करने के लिए कहा तो आरोपित ने उससे एक महीने में शादी करने का वादा किया लेकिन एक महीना बीतने के बाद भी आरोपित ने उससे शादी नहीं की जिसके बाद पीड़िता ने पुरानी भिलाई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई आरोपित ने पीड़िता का 10 साल तक किया दैहिक शोषण मामला दर्ज कर फरार आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस।

### मेडिकल वाले से 82 लाख की ठगी

**भिलाई, 10 जनवरी।** भिलाई साइबर ठगी करने वाले शातिरों ने हुडको के एक मेडिकल स्टोर संचालक से फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर 82 लाख रुपये ठग लिए आरोपितों के झांसे में आकर पीड़ित ने अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक उनके बताए हुए खातों में 82 लाख रुपये जमा कर दिए जब पीड़ित को यह आभास हुआ कि वो ठगी का शिकार गया है तो उसने भिलाई नगर पुलिस हो से शिकायत की जिस पर पुलिस ने साइबर पोर्टल (1930) पर शिकायत कर ठगी की रकम में से 47 लाख रुपये को होल्ड करवाया है पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ ठगी और आइटी एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी कर जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि आमदी नगर हुडको निवासी सुनील ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है पीड़ित अक्टूबर में अपने मोबाइल पर फेसबुक चला रहा था इसी दौरान उसे फोरेक्स ट्रेडिंग से संबंधित विज्ञापन नजर आया जिसे देखकर पीड़ित ने विज्ञापन पर दिए गए नंबर पर अपनी जानकारी भेज दी इसके बाद आरोपित ने पीड़ित को फोन किया और बताया कि यदि वो फोरेक्स ट्रेडिंग में रुपये निवेश करता है तो वो


बहुत कम समय में अपने रुपयों को कई गुना कर सकता है। आरोपित की बातों में आकर पीड़ित ने आरोपित के बताए हुए खातों पर रुपये भेजना शुरू किया। दिसंबर के अंत तक पीड़ित ने कुल 82 लाख रुपये भेज दिए, लेकिन उसे लाभांश या मूल राशि में से कुछ भी नहीं मिला जिसके बाद पीड़ित ने आरोपित से संपर्क किया तो आरोपित अलग अलग बहाने बनाकर और रुपये मांगना शुरू कर दिया जिससे पीड़ित को आभास हुआ कि वो ठगी का शिकार हो गया है। इसके बाद पुलिस से शिकायत की जिस पर पीड़ित ने साइबर पोर्टल के माध्यम से भेजे गए 47 लाख रुपये को अलग अलग खातों में होल्ड करवाया वहीं आरोपित की भी पतासाजी शुरू की गई है शिकायत मिलने पर पुलिस ने साइबर पोर्टल के माध्यम से 47 लाख कराया होल्ड आरोपितों ने ठगी के रुपयों को विभिन्न खातों में कर दिया था ट्रांसफर।

### बच्चों को फिजियोथेरेपी सेवा प्रदान करने त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**भिलाई, 10 जनवरी।** भिलाई और आसपास के क्षेत्रों के दिव्यांग बच्चों को फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, बीएसपी-ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट और सेवा (स्पोर्ट्स, एजुकेशन × वर्सेटाइल एक्टिविटीज) जैसी अनेक गतिविधियाँ फाउंडेशन के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। एमओए कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने की। बीएसपी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, बीएसपी-ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से चेयरमैन सेफी और अध्यक्ष ओए एन के बंछोर एवं सेवा फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष एवं पूर्व कार्यपालक निदेशक सेल एस के जैन ने इस त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस पहल के तहत भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 10 में स्थित ओल्ड मेंटेनेंस ऑफिस में फिजियोथेरेपी सेंटर स्वामी विवेकानंद जन सेवा केंद्र को विकसित किया जाएगा, जहां लाभार्थी दिव्यांग बच्चों को मुफ्त फिजियोथेरेपी प्रदान की जाएगी। फिजियोथेरेपी का लाभ तंत्रिका तंत्र, हड्डियों, जोड़ों, सहित मस्कुलर डिस्ट्रोफी, सेरेब्रल प्लासी जैसे विकारों से पीड़ित दिव्यांग बच्चों को मिलेगा।

### भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया नवीनीकृत इस्पात क्लब सेक्टर-7 का उद्घाटन



**भिलाई, 10 जनवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नवीनीकृत इस्पात क्लब सेक्टर 7 का उद्घाटन बृहस्पतिवार को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक विजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक विष्णु के पाठक, ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी के चेयरमैन एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

# हार व जीत खेल का अभिन्न हिस्सा:ताम्रध्वज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,10 जनवरी।** नव आलोक क्रिकेट क्लब अछोटी समस्त ग्रामवासी अछोटी के तत्वाधान में 20-20 क्रिकेट महासंग्राम 2025 का उद्घाटन के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख के द्वारा प्रतियोगिता प्रारंभ किया गया।

आयोजन में विजेता टीमों के नगत राशि एवं आकर्षक पुरुस्कार दिया जायेगा. मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। इस अवसर पर पूर्व समिति अध्यक्ष शिव नारायण दिल्लीवार, जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा,मुरली मनोहर देशमुख, नेम लाल देशमुख,हरीश,अवेन्द्र दिल्लीवार, दयालु राम देशमुख,चोवाराम दिल्लीवार मन्नू लाल कोशे,विश्वनाथ धीवर, बलराम दिल्लीवार, राहुल गौतम,पंकज दिल्लीवार,रजत दिल्लीवार, दयालु राम,भूपेन्द्र कुमार, रोहित दिल्लीवार, ज्ञान दिल्लीवार,खुमचंद कोशे, प्रवीण दिल्लीवार, अनिल दिल्लीवार वित्सिज, शुभम निर्मलकर, मनमोहन, लोकेश्वर,नेतराम, आदित्य दिल्लीवार, रेखलाल, हेमन्त,योगेश सोनी सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

### अभिजीत ने 75 प्लस वेट में शानदार प्रदर्शन किया

**भिलाई, 10 जनवरी।** मिस्टर छत्तीसगढ़ चैंपियनशिप में दुर्ग के अभिजीत योगी ने 85 प्लस वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया इस जीत के साथ उन्होंने मिस्टर इंडिया 2025 चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया जो 14 से 16 जनवरी को बेलगावी, कर्नाटक में आयोजित होने जा रही है इंटरनेशनल खिलाड़ी पी सोलोमन के निर्देशन और प्रशिक्षण का इस सफलता में



महत्वपूर्ण योगदान रहा उनके मार्गदर्शन में अभिजीत ने न केवल अपनी क्षमता को निखारा बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बनाई ।

# धान खरीदी केंद्र उतई एव्रं खोपली में सहकारी समिति अध्यक्ष ने किया गर्म कपड़े का वितरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 10 जनवरी।** उतई वृत्तकर सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र उतई एवं खोपली धान खरीदी केंद्र में सुरक्षा कर्मियों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े का वितरण किया गया।इन कर्मियों का किया गया सम्मान बल्ला बंजारे,रवि बंजारे,मन्नू यादव,मोबिलाल यादव,पुनीत राम सपहा,इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,भाजयुमों उपाध्यक्ष शुभम वर्मा,सेवा सहकारी समिति प्रबंधक गिरधर सोनी,प्रहलाद साहू,पूरन साहू,गोविंद साहू,तिलक साहू,गजेंद्र कुर्रे,खोवालाल देशलहरे, मनीष यादव,जयंत कुमार,चंद्रकला काकड़े,विजेंद्र कुमार कोसरे,राम साय साहू,शंकर लाल यादव,जयंत कुमार साहू,प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नेवता भोज





### पाऊवारा स्कूल में नेवता भोज का आयोजन

**उतई ।** ग्राम पाऊवारा स्कूल के पुर्व अध्यक्ष उत्तम सिंह हिरवानी ने अपने 76 वे जन्मदिन जन्मदिन, के अवसर पर प्रायमरी,मिडिल व हायर सेकंऊडरी स्कूल के सभी बच्चों को सपरिवार पहुंच कर नेवता भोज कराया । इस अवसर जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, सरपंच वामन साहु, उपसरपंच दीपक साहू, मुकेश हिरवानी, संतोष देशमुख, सरोजनी हिरवानी , सीमा हिरवानी, मंजु साहु, भारती देशमुख,चित्ररेखा ठाकुर, महिला स्व सहायता समूह कि महिलाएं प्राचार्य एच एल जांगड़े , प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं ने एक साथ बैठकर नेवता भोज किया।

# स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत शिविर से हितग्राहियों को मिल रहा लाभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 10 जनवरी।** शासन के निर्देश पर स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत जामुल नगर पालिका परिषद में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शहरी पथ विक्रेताओं का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जामुल श्रीमती सीमा बख्शी ने बताया कि पी एम स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभांवित शहरी पथ विक्रेताओं का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया जा रहा है इच्छुक पथ विक्रेता कार्यालयीन समय में आकर सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग करवा सकते हैं। सिटी मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह ने बताया कि पी एम स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभांवित शहरी पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा जीवन ज्योति योजना से भी जोड़ा जा रहा है। पी एम स्वनिधि योजना अंतर्गत अब तक 854 हितग्राहियों को 10000, 20000 और 50000 का ऋण लाभ दिलवाया जा चुका है। नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष श्री ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी पथ विक्रेताओं को आह्वान किया है कि वे योजना का अधिक से अधिक लाभ लें।

# एमएमयू की गाड़ी वार्डों में जाकर लोगों का उपचार कर रही

**जामुल, 10 जनवरी।** छत्तीसगढ शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें शासन के द्वारा अपने नगर की जनता के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र के अंतर्गत किया जा रहा है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जामुल श्रीमती सीमा बक्शी जी ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में 170 प्रकार की दवाईयां 41 प्रकार की टेस्ट की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान किया जाता है । मोबाइल मेडिकल यूनिट की गाड़ी अलग अलग वार्डो मे जाकर लोगो को प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा रही है अलग अलग वार्डो मे जाने के कारण लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए इधर उधर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है वह अपने घर के पास ही उनको सुविधाएं मिल रही है । मोबाइल मेडिकल यूनिट में जिसमें थायरॉइड, ब्लड ग्रुप, विटामिन क्ष्2, शुगर , मलेरिया, डेंगू,, विटामिन ष्ठ3 जैसे टेस्ट की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है 7 छत्तीसगढ सरकार में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) ने लोगो के बीच अपनी अलग पहचान बनाने में सफलता पाई है । इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में कई उच्चस्तरीय और आधुनिक उपकरण मौजूद हैं, जो इसे और भी खास



बना देते हैं।

इनमें ईसीजी मशीन,सेमी ऑटोमेटिक बायोकेमेस्ट्री एनेलाइज, स्टेलाइजर , ग्लूकोमीटर, ड्रेसिंग ड्रम , सेंट्रीफ्यूज मशीन ,लेरिंजोस्कोप, हीमोग्लोबिन मीटर आदि प्रमुख हैं । मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जामुल श्रीमती सीमा बक्शी जी ने बताया कि 24458 से अधिक लोगों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया, जबकि 8989 लोगों की चिकित्सकीय जांच इसके माध्यम से की गई तथा 22176 लोगो को निःशुल्क दवाइयां दिया गया है।

# सेल ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए 45000 टन स्टील की आपूर्ति की



**भिलाई, 10 जनवरी।** भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ मेला 2025 के लिए लगभग 45,000 टन स्टील की आपूर्ति की है। कंपनी द्वारा आपूर्ति की गई स्टील की कुल मात्रा में चेकर्ड प्लेट, हॉट स्ट्रिप मिल प्लेट, माइल्ड स्टील प्लेट, एंगल और जॉइस्ट शामिल हैं। सेल ने इससे पहले भी 2013 के प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान भी स्टील की आपूर्ति की थी, जो इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक आयोजन के लिए कंपनी के निरंतर योगदान को दर्शाता है। सेल द्वारा आपूर्ति की गई स्टील महाकुंभ मेला - 2025 के सुचारू और सफल संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न अस्थायी संरचनाओं के निर्माण में किया गया है। इनमें पोंटून पुल, आवागमन मार्ग, अस्थायी स्टील पुल, सबस्टेशन और फ्लाईओवर शामिल हैं। इस स्टील आपूर्ति के प्रमुख कस्टमर्स में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), उत्तर प्रदेश राज्य पुल निगम, विद्युत बोर्ड और उनके आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। सेल इस तरह के विशाल आयोजन में स्टील का योगदान करने पर गौरवान्वित है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। कंपनी राष्ट्रीय परियोजनाओं में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करती है और इसकी सांस्कृतिक और सामाजिक बुनियाद को समृद्ध करती है।

# कलेक्टर ने निगरानी बदमाश बिल्लू को जिलाबदर किया

**दुर्ग , 10 जनवरी।**। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग शहर के निगरानी बदमाश सुभाष राजपूत उर्फ बिल्लू को जिला बदर कर दिया है। बिल्लू के लगातार आपराधिक प्रकरणों में लिप्त होने के कारण दुर्ग एसपी ने कलेक्टर को प्रतिवेदन दिया था। इस बाद निर्णय लेते हुए दुर्ग कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुभाष राजपूत उर्फ बिल्लू को एक वर्ष की अवधि तक दुर्ग सहित सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी ने पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के प्रतिवेदन पर बदमाशों के आपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में नयापारा निवासी सुभाष राजपूत उर्फ बिल्लू को दुर्ग सहित रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं बाहर रहने कहा है। आदेश तिथि 7 जनवरी 2025 से एक सप्ताह के भीतर उसे बाहर चले जाने कहा गया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दंडाधिकारी के आदेश के बिना सुभाष राजपूत उर्फ बिल्लू प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी सुभाष राजपूत पिता सुरेश सिंह राजपूत थाना क्षेत्र दुर्ग का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना छावनी में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 06 प्रकरण दर्ज है। आरोपी अत्यंत क्रूर प्रवृत्ति का है एवं इनके आतंक से लोग भयभीत होकर दहशत में है। इनके विरूद्ध लोगों के द्वारा गवाही देने में जान का खतरा बना रहता है। लोगों को मारना, पीटना इसके लिए आम बात है। इनके कृत्यों में आस-पास के आपराधिक प्रवृति के लोग भी सम्मिलित होते है। जिससे इनके हौसला दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इनके अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण एवं अंकुश लगाना जरूरी हो गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक प्रवृत्ति में संलिप्त सुभाष राजपूत को 01 वर्ष के लिए जिला बदर किया गया हैं।

### लोगों के सेहत की फिक्र कर स्वालंबी बनीं महिलाएं



**रिसाली।** स्वयं का कारोबार शुरू करने का सपना हर व्यक्ति का होता है, किन्तु पैसा कमाने के लिए आमजनों के सेहत का ध्यान रखना कम लोग ही सोचते हैं। इसी तरह की कुछ महिलाओं की सोच ने उन्हें आत्मनिर्भर बना दिया। हम बात कर रहे है नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में मिलट कैफे की संचालन करने वाली ख्याती समूह की महिलाओं की। ख्याति समूह की अध्यक्ष ललिता सिरके बताती है कि उन्होंने पैसा कमाने से ज्यादा महत्व लोगों की सेहत को दिया। आज वे इस मुकाम पर पहुंच गई है जहां हर महिला सदस्य 7 से 10 हजार प्रतिमाह की कमाई कर रही है। रिसाली के नागरिक जंक फूड की जगह स्वास्थ्य वर्धक मिलेट को पसंद कर रहे है। वे बताती है कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.) से जुड़ने के बाद उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिला। वे आज सभी आत्मनिर्भर है। एन.यू.एल.एम. से जुड़ने के बाद महिलाएं सबसे पहले दोना पत्तल बनाने का काम शुरू की। शुरूआती दौर में उन्हें खास मुनाफा नहीं हुआ। बाद में महिलाओं ने शासन की योजना के तहत बने मिलेट कैफे के संचालन करने का प्लान बनाया और 1.50 लाख का ऋण लेकर कारोबार शुरू की। समूह की महिलाओं का कहना है कि शुरुआती दौर में महिलाएं घर में रहती थी। आय का साधन नहीं था।

## एक नजर

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव 10 जनवरी।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 10 जनवरी 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 10 जनवरी को सुबह 10.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भनपुरी पहुंचकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे तथा समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 2.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.20 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर अभिलाषा सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 3.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.50 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भर्रेगांव पहुंचकर भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 4.30 बजे ग्राम भर्रेगांव से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### राज्यपाल रामेन डेका जिले के कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**राजनांदगांव 10 जनवरी।** राज्यपाल श्री रामेन डेका 10 जनवरी 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री रामेन डेका सुबह 10 बजे राजभवन रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.15 बजे छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सुंदरा राजनांदगांव पहुंचकर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करेंगे एवं स्नातक दिवस समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल दोपहर 12.32 बजे छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सुंदरा राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.47 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे और समय आरक्षित रहेंगा। राज्यपाल श्री रामेन डेका दोपहर 2.15 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.20 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ पहुंचकर अभिलाषा के वार्षिक दिवस, पुरस्कार वितरण एवं अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री रामेन डेका दोपहर 3.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.35 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। राज्यपाल दोपहर 3.55 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर शाम 4 बजे कलेक्टोरेट पहुंचकर परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करेंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। राज्यपाल श्री रामेन डेका शाम 5.30 बजे कलेक्टोरेट राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रेल्वे फुट अंडरब्रिज स्वीकृत

**डोंगरगढ़ 10 जनवरी।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति एवं मां बम्लेश्वरी सेवादल के प्रयासों से रेलवे प्रशासन द्वारा शहर की जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए नीचे बम्लेश्वरी मंदिर और मंदिर अस्पताल के आवागमन के लिए लगभग 4.50 करोड रुपए की राशि फुट अंडरब्रिज (सब-वे) निर्माण हेतु स्वीकृत की गई है। ज्ञात हो शहर की जनता द्वारा नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के समीप स्थित रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के पश्चात लंबे समय से मंदिर दर्शन हेतु जाने में होने वाली परेशानियों को देखते हुए मंदिर को शहर से जोड़ने के लिए यह मांग की जा रही थी। फुट अंडरब्रिज (सब-वे) बनने से नीचे बम्लेश्वरी मंदिर और मंदिर अस्पताल जाने वाले नागरिक सुगमता से पहुंच सकेंगे । साथ ही नवरात्रि पर्व व प्रतिदिन दर्शनार्थियों का आवागमन एवं ज्योती विसर्जन का कार्य भी निर्विघ्न रूप से हो सकेगा। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति मां बम्लेश्वरी सेवादल और शहर के नागरिक गणों ने रेलवे प्रशासन द्वारा फुट अंडरब्रिज (सब-वे) की स्वीकृति देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे व बृजमोहन अग्रवाल के विशेष प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया है।

### दुर्ग संभाग में उच्च वर्ग शिक्षक से मिडिल एचएम प्रमोशन पश्चात काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण



**डोंगरगढ 10 जनवरी।** उच्च वर्ग शिक्षक से मिडिल ॥रूमें बड़े लंबे समय से चल रहे प्रमोशन प्रक्रिया आज दिनांक 09/01/2024 को सफल काउंसिलिंग पश्चात सम्पन्न हुआ। जिसके तहत लगभग 700 पदों पर ई संवर्ग व टी संवर्ग के पदों पर शिक्षक व शिक्षक स्क्र संवर्गो का पदोन्नति की कार्यवाही किया गया। संगठन ने लगातार संयुक्त संचालक दुर्ग से मेल मुलाकात कर पदोन्नति की गतिविधियों को कराने में बड़ी भूमिका निभाई। संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर जी व सहायक संचालक सहित सहयोगियो को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा व पदाधिकारियों में ने सफल पदोन्नति पर धन्यवाद ज्ञापित किया। आज काउंसिलिंग में जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा के साथ हंस कुमार मेश्राम जिला कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार वर्मा जिला प्रवक्ता, रतिराम कन्नौजे राजेश कुमार साहू जिला महामंत्री,ब्लाक सचिव किशन देशमुख श्रवण यदु अजय वैष्णव हीरा लोधी हेमलाल चन्द्रवंशी अशोक वर्मा राजेन्द्र वर्मा सुरेन्द्र वर्मा रिखी चन्द्रवंशी रघु चन्द्रवंशी गुरूचरण नेताम अरुण गुणी आदि उपस्थित रहें।

# वार्डवासियों की सार्थक पहल से मृतक के परिवार को मुआवजा तय हो सका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 10 जनवरी।** शहर के बधियाटोला में स्थित सेंट विसेंट पैलोटी इंटरनेशनल स्कूल में कार्यरत विद्युत कर्मचारी की करेंट लगने से मौत हो गई जिससे पुरे वार्ड में शोक की लहर उठ गई. स्कूल प्रशासन की माने तो विद्युत कर्मचारी लेखराज ठाकुर पिता घनश्याम ठाकुर उम्र 40 वर्ष 8 जनवरी बुधवार को शाम 4 बजे कैंपस में ही प्राचार्य ऑफिस के पास स्थित फाउंटेन को साफ कर रहा था। इसी दौरान वहीं पर एक टुल्लू पंप में एकाएक करंट सप्लाई हो गया। जिससे वह इस सप्लाई की चपेट में आ गया। जैसे ही इस घटना की जानकारी अन्य कर्मचारियों को मिली आनंन फानन में सभी ने मिलकर लेखराज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले कर आये। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने जाँच पड़ताल कर मृत घोषित कर दिया गया। मिलनसार व्यक्तित्व का धनी लेखराज ठाकुर की मृत्यु की खबर उनके दोस्तों व परिवारवालो को मिली सब की आंखें नम हो गई। पूरा वार्ड शोकाकुल हो गया। बुधवार को पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण गुरुवार दोपहर को पोस्टमार्टम कर मृत लेखराज की बॉडी परिवार जनों को सौंप दी गई। जिसका देर शाम छीरपानी स्थित मुक्तिधाम में उसके 4 वर्षीय बड़े पुत्र नें अग्नि दी । बताया जाता है कि इस घटना के बाद सेंट विसेंट पैलोटी स्कूल के प्रबंधक अपने जिम्मेदारियां से पीछे हटते देखे गए। घटना के बाद मृत युवक के परिवारजनों को किसी भी प्रकार का सहयोग देने से स्कूल प्रबंधन इनकार कर बहाने बना रहा था। बताया जाता है की वार्डोवासियो को देर शाम इस घटना की जानकारी मिली, इसको देख पूरे वार्ड में प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश बढ़ने लगा। बुधवार देर शाम परिवार के कुछ लोग व स्थानीय जनप्रतिनिधि स्कूल प्रबंधक से मिलकर परिवार की स्थिति बताते हुए मुवाजे की मांग रखी। लगभग 15 घंटे तक स्कूल प्रशासन से कोई जवाब न मिलता देख लोग आंदोलीत होने लगे। प्रत्यक्ष दर्शियो की माने तो आक्रोशीत भीड़ को देख वार्ड के कुछ प्रमुख लोगों ने समझदारी दिखाते हुए स्कूल प्रबंधन के पास एक बार फिर अपनी मांग रखने स्कूल पहुंचे। कई प्रकार की मशक्कत के बाद बताया जाता है कि स्कूल प्रबंधन हरकत में आया। जानकारी अनुसार दोपहर एक बजे के बाद जो स्कूल प्रशासन अपने जिम्मेदारियां से पीछे हट गया था वही स्कूल प्रबंधन ने लिखित रूप में नोटरी कराते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल 50 हजार नगद अंत्येष्टि करने के लिए। व कुछ दिनों बाद 7. 5 लाख की नगद परिवार को सहायता राशि के साथ दोनों छोटे बच्चों को अपने ही स्कूल में 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा के साथ उनकी पत्नी को योग्यता के आधार पर नौकरी देने का वादा किया है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासनकाल में मिल रही है लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**डोंगरगढ़ 10 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व नगरी निकाय मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में चल रही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट चल रही है लोगों के लिए वरदान यह मोबाइल मेडिकल यूनिट डोंगरगढ़ के हर वार्ड में जाकर सुबह 8:00 बजे से 3:00 बजे तक के कैंप लगाकर अपनी सेवा देती है जिसमें MBBS डॉक्टर लैब टेक्नीशियन फार्मासिस्ट व नर्स रहते हैं जिसमें करीब 41 प्रकार के लैब टेस्ट होते हैं नर्स द्वारा रजिस्ट्रेशन करने के बाद डॉक्टर द्वारा मरीजों को उचित परामर्श देकर लैब टेस्ट एवं अन्य टेस्ट कराया जाता है टेस्ट के रिपोर्ट के अनुसार उन्हें दवाई दिया जाता है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अरुण साव जी के पहल पर इसे और भी आधुनिक तरीके से चलने का दिशा निर्देश दिया गया है जिसके तहत मोबाइल प्ले स्टोर MMU mobail c g suda एप्लीकेशन भी लॉन्च किया गया है जिसे मरीज़ अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर अपना पिछ्ला ओपीडी एवं वर्तमान ओपीडी देख सकता है साथ ही साथ मरीज़ अपने शहर में यूनिट के लोकेशन को ट्रेंस कर सकते हैं।




# महापौर के लिए कांग्रेस से अमित खंडेलवाल की तगड़ी दावेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 जनवरी।** राजनांदगांव में महापौर का पद का आरक्षण सामान्य या अनारक्षित घोषित हो जाने के बाद वैसे तो बड़ी संख्या में दावेदार होने की संभावना है। लेकिन निगम में कांग्रेस की सत्ता बचाए रखने के लिए अमित खंडेलवाल को सशक्त दावेदार माना जा रहा है। इस संबंध में श्री खंडेलवाल का कहना है कि पार्टी अगर टिकट दे तो महापौर के लिए उनकी पूरी तैयारी है। वही उनके समर्थकों का कहना है कि पार्टी वाला कमान को अंतिम फैसला अमित खंडेलवाल के नाम पर ही करना चाहिए। क्योंकि इनका जानदार बहुत बड़ा है उन्होंने पिछले निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने में कड़ी मेहनत की है वहीं लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में दिन-रात मेहनत करके कोई कसर नहीं छोड़ी थी। साथ ही राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सत्ता रहने की दौरान आम जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने में तथा योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने में पूरी ईमानदारी से मेहनत की है। बात करें अमित खंडेलवाल की तो लगभग 20 वर्षो से कांग्रेस सेवादल में सक्रिय रहें व वार्ड में बूथ अध्यक्ष एवं वार्ड प्रभारी रहकर कांग्रेस पार्टी के लिए तन-मन-धन से समर्पित होकर कांग्रेस पार्टी की सेवा कर शहर में कांग्रेस पार्टी के लिए सभी कार्यक्रम एवं चुनाव में अपनी टीम के साथ कोविड-19 में मेडिकल व्यवस्था एवं हैदराबाद में फंसे वर्करों को राजनांदगांव वापस लाकर सक्रिय भूमिका निभायी एवं भारत जोड़ो यात्रा, साबरमती से राजघाट नईदिल्ली तक दाण्डी यात्रा में शामिल होकर भाग लिया। सेवादल के भारत देश में लगने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल के रूप में दायित्व निभाया व वर्तमान में अध्यक्ष शहर जिला-कांग्रेस सेवादल पद पर कार्यरत है। शहरी क्षेत्रों में सेवादल के लिये कार्य निरन्तर कर रहे है।

श्री खंडेलवाल के पिता श्री मदन खण्डेलवा लगभग 30 वर्षों तक कांग्रेस सेवादल से जुड़े रहे। हमेशा भारत वर्ष में होने वाले शिविर एवं अधिवेशन में भाग लेना एवं ट्रैडिग लेकर छ.ग. कांग्रेस दल के प्रदेश प्रशिक्षण के रूप में अपना दायित्व निभाया । दादा जी स्व. श्रीराम जी लाल खण्डेलवाल (नेता जी) बांधा बाजार व चौकी क्षेत्र में नेताजी के नाम से प्रसिद्ध थे। व निष्ठावान व सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जीवन भर कांग्रेस की सेवा की व स्व. मोतीलाल जी वोरा जी का लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने में व लीड दिलाने में मह त्वपूर्ण भूमिका रही।

### सर्व सेन समाज जिला धमतरी के धनसिंह दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

**कुरुद १० जनवरी।** सर्व सेन समाज जिला धमतरी के पदाधिकारियों का 7 जनवरी को शांति पूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न हुआ ।जिसमें धनसिंह सेन दूसरी बार अपने पैनल के प्रत्याशियों के साथ जीत दर्ज कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जिसे बधाई देने का सिलसिला जारी है। छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज पंजीयन क्रमांक 82 के निर्देश पर मंगलवार को धमतरी के चन्दापारी सेन भवन में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सर्व सेन समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ ।जिसमें 11 इकाईयों के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सहित कुल 142 में से 140 सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्साह के साथ मतदान किया ।मतों की गिनती पश्चात आए परिणामों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी धनसिंह सेन को 82 मत और प्रतिद्वंदी दौलतराम सेन को 55 मत मिले ।इस तरह 27 मतों से जीत दर्ज कर धनसिंह सेन पुनः दूसरी बार समाज का नेतृत्व करने जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए ।इसी तरह सचिव पद के उम्मीदवार भगवानी राम शांडिल्य को 78 वोंट एवं उनके प्रतिद्वंद्वी सेवकराम सेन को 58 वोंट मिला ।जिससे भगवानी राम 20 मतों से जीत दर्ज कर सचिव चुने गए ।वहीँ कोषाध्यक्ष पद हेतु रविकुमार कौशल को 77 वोंट और उनके प्रतिद्वंद्वी बसन्त कौशिक को 62 वोंट मिला ।जिससे रविकुमार कौशल 15 मतों से चुनाव जीत गए। जबकि उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी लालाराम भारद्वाज पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे ।इस प्रकार धनसिंह सेन ने दौलत राम पैनल के सभी उम्मीदवारों को परास्त के पैनल के सभी पदाधिकारी के साथ चुनाव जीतकर जिला सेन समाज का पुनः नेतृत्व करेंगे ।निर्वाचित होने के बाद जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन ने सभी मतदाताओं एवं प्रदेश तथा निर्वाचन मंडल का आभार व्यक्त किया।

## समाचार संक्षेप

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर लायसेंस निलंबन की कार्रवाई




**राजनांदगांव 10 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस एवं जिले के थानों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही कर संबंधित परिवहन विभाग को भेजा जा रहा है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा वर्ष 2024 में कुल 81 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन किया गया। लायसेंस निलंबन कार्यवाही हेतु संबंधित परिवहन विभाग को प्रकरण तैयार कर लगातार भेजी जा रही है। राजनांदगांव पुलिस की सभी वाहन चालकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित चलें, दुर्घटना से बचे।

### समर्थन दर पर धान खरीदी में अव्यवस्था ही नहीं गड़बड़ी भीः मदन साहू



**राजनंदगांव 10 जनवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मदन साहू ने समर्थन दर पर खरीदी को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटियों के माध्यम से हो रही धान खरीदी में न सिर्फ भारी अव्यवस्था है। अपितु भारी गड़बड़ी की भी बू आ रही है। उन्होंने ने कहा कि आने वाले त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव में जिले की जनता भाजपा संगठन और उसकी सरकार को सबक सिखा कर रहेगी। श्री साहू ने आगे कहा कि धान खरीदी में भारी गड़बड़ी की संभावना अवस्था के बीच इस साल धन खरीदी का शुभारंभ हुआ हैं। किसान टोकन के लिए भटकते रहे समय पर धान का उठाव नहीं हो पाया कई समिति में बार-बार खरीदी बंद होते रहे भौतिक सत्यापन में प्रशासनिक लोग खुद ही बता रहे हैं। धान खरीदी में गड़बड़ी हो रही है। इस पूरी अव्यवस्था के लिए भाजपा की विष्णु देव साय सरकार दोषी है। इसकी भुगतना किसानों को भोगना पड़ रहा है। राज्य के खजाना पर आर्थिक नुकसान भी हो रही है। समय पर उठाव नहीं होना धान खरीदी की सबसे बड़ी कारण सरकार किसान विरोधी चिरतार्थ को दर्शा रहा है। अभी भी कई सोसाइटी में धान खरीदी बंद हैं। किसानों को अभी तक ध्यान खरीदी केंद्र सोसाइटियों में प्रति क्विंटल 2300 का ही भुगतान हो पाए हैं। बाकी अंतर की राशि भाजपा सरकार कब देगी उसका पता नहीं है। और वही केंद्र कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार किसानों को ठगने का काम किया है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर फेल है।

### कांग्रेस नेताओं ने रामपुर सोसाइटी में फर्जी खरीदी को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव 10 जनवरी।** जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू और जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने ग्राम रामपुर सोसाइटी में हुए 6768 बोरा फर्जी खरीदी को लेकर आज तकरीबन दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट शाखा पहुंचकर कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिलकर ज्ञापन सौपा है। उन्होंने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। श्री साहू ने बताया कि अभी हाल ही में ग्राम रामपुर धान खरीदी केंद्र में जिले मे धान खरीदी केंद्रों में बहुत सी अनियमित्ता पाई जा रही है। जिसमें डोंगरगाँव विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित रामपुर में भौतिक सत्यापन के दौरान 6768 बोरा धान फर्जी खरीदी करना पाया गया जो गंभीर आरोप सोसाइटी के जिम्मेदार पदाधिकारियों पर लगे हैं। इसके विरोध में 96 धान खरीदी केंद्रो के प्रबंधकों द्वारा विरोध में सामूहिक इस्तीफा दिए जाने को लेकर आंदोलन की चोतीवनी दी हैं। इसमें जो भी दोषी है उसके विरूद्ध उचित दण्डात्मक कार्यवाही व एफआईआर दर्ज करते हुए धान खरीदी को सूचारू ढंग से संचालित कराने की बात कही गई है। जिस पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के साथ किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, अंगेश्वर देशमुख, रमेश खंडेलवाल जनपद अध्यक्ष, टिकेश साहू उपाध्यक्ष, सुयश नाहटा, श्रीमती सुलोचना मारकंडे किसान कांग्रेस के मीडिया प्रभारी, गौतम वर्मा, श्रीमती ललिता टार्जन साहू, मुकेश साहू, तिलक साहू आदि उपस्थित थे।

# सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल ने महिला को गांजा सहित पकड़ा

**राजनांदगांव 10 जनवरी।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों व अवैध गांजा, शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कि इसी क्रम में दिनांक 08.01.2025 को मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की सयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल पुराना गंज चैक कल्प वृक्ष के सामने पान ठेला से आरोपियां श्रीमती रजनी ढीमर पिता स्व0 श्रीधर ढीमर 42 वर्ष साकिन पुराना गंज चैक कल्प वृक्ष कॉलोनी के सामने राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर उसके कब्जे से 72 नग पुड़िया में रखे मात्रा 288 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 3000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपिया का कृत्य नारकोटिक्स के तहत अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 09.01.2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने पर महिला जेल दुर्ग मे दाखिल किया गया। आगे भी अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, शराब जैसे नशीले पदार्थो की बिक्री मे संलिप्त लोगो के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। आरोपिया आदतन अपराधी है पूर्व मे इसके के खिलाफ 147/22 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी थी, जिसमे आरोपिया को 5000 रूपये के अर्थदण्ड से सजा हुई थी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी0 रामेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक बलदाउ चंद्राकर, प्रधान आरक्षक शंभूनाथ द्विवेदी आरक्षक भुवनेश्वर जायसी, नामदेव नागवंशी महिला आरक्षक महेश्वरी कुर्रे महिला सैनिक भारती पाण्डे एवं सायबर सेल राजनांदगाँव से साइबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, सउनि. सुमन कर्ष,आरक्षक अमित सोनी, परिवेश वर्मा, महिला आरक्षक पार्वती कंवर एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



# नशे के विरुद्ध चलाया जा रहा है अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 जनवरी।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में जिले मे अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 08.01.2025 को चौकी चिखली पुलिस द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर गौरीनगर मोड़ के पास अवैध गांजा बिक्री कर रहे आरोपी 01. सलमान खान पिता घनश्याम सिंह उम्र 20 साल साकिन गौरीनगर वार्ड नं. 13 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव के कब्जे से 691 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 6900 एवं बिक्री रकम 200 रूपये को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया आरोपी के विरूद्ध धारा सदर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत साक्ष्य सबुत पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आगामी पंचायत चुनाव पर शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व गुण्डा, बदमाश, असमाजिक तत्वो पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ, सउनि इब्राहिम खान, म.प्र.आर. वंदना पटले, आर. मनोज जैन, सुनील बैरागी, तामेश्वर भुआर्य, किशोर मार्बल एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

## इस वर्ष धान की बिक्री से 6 लाख 70 हजार रुपए हुए प्राप्त

# कृषक उन्नति योजना से किसानों के जीवन में आ रही समृद्धि एवं खुशहाली

- किसान अगनुराम साहू को वर्ष 2023-24 में धान की बिक्री से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत बोनस की राशि 2 लाख 40 हजार रुपए का हुआ लाभ
- शासन से 2 वर्ष की बकाया बोनस की राशि 60 हजार रुपए हुई प्राप्त
- अपना पक्का मकान बनायेंगे अगनुराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 जनवरी।** कृषक उन्नति योजना से किसानों की तकदीर बदल रही है। शासन की कृषक हितैषी नीतियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी होने पर किसानों के जीवन में समृद्धि एवं खुशहाली आ रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रवेली के किसान श्री अगनुराम साहू को इस वर्ष धान की बिक्री से 6 लाख 70 हजार रूपए प्राप्त हुए है। वर्ष 2023-24 में धान की बिक्री से बोनस की राशि 2 लाख 40 हजार रूपए का लाभ हुआ है, वहीं 2 वर्ष के बकाया बोनस की राशि 60 हजार रूपए प्राप्त हुई है। किसान श्री अगनुराम ने बताया कि उनके पास 15 एकड़ जमीन है। जिसमें वे धान की खेती के साथ ही अन्य फसल लेते हैं। उन्होंने बताया कि वे खेती किसानी में आधुनिक एवं नवीनतम यंत्रों एवं पद्धति को अपना रहे है। कृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर खरीदे हैं। धान की बिक्री से प्राप्त राशि से वे अपना पक्का मकान बनायेंगे, ट्रेक्टर की किस्त भरेंगे, घरेलू खर्च के साथ ही सिंचाई के लिए ट्यूबवेल लगायेंगे। किसान श्री अगनुराम ने बताया कि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिनमें पर्रीनाला एनिकट से खेतों में सिंचाई के लिए मोटर पंप हेतु 11 हजार रूपए अनुदान प्राप्त हुआ है। घर में नल-जल योजना के तहत स्वच्छ जल मिल रहा है। उनकी बहु को शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। सरकार द्वारा एकमुश्त राशि मिलने के कारण उसका उपयोग करने में आसानी हो रही है। उन्होंने कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना किसानों के लिए मददगार है।

## संपादकीय

# अंतर की राशि एकमुश्त मिलेगी किसानों को

कई बार राजनीतिक दल जो कहते हैं, वह कई कारणों से कर नहीं पाते हैं, इसके लिए उनकी आलोचना भी होती है कि राजनीतिक दल ने वादा किया था वह ऐसा करेगी, वह ऐसा नहीं कर रही है। जब किसी राजनीतिक दल की इस बात के लिए आलोचना की जाती है कि उसे यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि वह अपना वादा पूरा नहीं कर पा रही है तो क्यों नहीं कर पा रही है।वह अपना वादा कब पूरा करेगी। विपक्ष का तो काम है कि सरकार यदि कुछ वादे के अनुसार नहीं कर पा रही है तो वह उसका खुलासा करे, सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा करे। कांग्रेस धान खरीदी शुरू होने के कुछ दिन बाद से इस बात के लिए सरकार की आलोचना कर रही थी कि उसने चुनाव में वादा किया था कि धान खरीदी का पैसा वह एकमुश्त किसानों को देगी यानी धान का समर्थन मूल्य व अंतर की राशि राज्य के किसानों के खाते में एक बार में ही डाल दिया जाएगा। सरकार की तरफ से इस मामले में कुछ भी साफ नहीं किया जा रहा था क्योंकि कांग्रेस सच कह रही थी,किसानों का धान समर्थन मूल्य तो खरीदा जा रहा था और उसका भुगतान भी किया जा रहा था लेकिन अंतर की राशि किसानों को नहीं दी जा रही थी। साय सरकार को धान खरीदी शुरू होते ही यह बात साफ कर देनी थी कि अभी धान खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी और उसका पैसा किसानों को दिया जाएगा तथा धान खरीदी पूरी होने के बाद किसानों के खाते में अंतर की राशि एकमुश्त डाल दी जाएगी। इससे कांग्रेस की आलोचना का जनता में कोई खास असर नहीं होता।साय सरकार ने सच को बताया नहीं कि वह धान खरीदी की अंतर की राशि धान खरीदी शुरू होने के बाद दे क्यों नहीं दे पा रही है, हो सकता है कि वह विपक्ष की आलोचना से बचने के लिए ऐसा किया हो लेकिन वह विपक्ष की आलोचना से बच कहां सकी। पूरे नवंबर, दिसंबर कांग्रेस राज्य में प्रचार करती रही कि सरकार किसानों को धान का पैसा एकमुश्त नहीं दे रही है, उसने ऐसा करने का वादा किया था और ऐसा वह कर नहीं पा रही है। इससे कुछ समय के लिए सही भाजपा का यह नारा सवालों के घेरे में तो आ गया कि भाजपा जो कहती है,वह करती है। अब भाजपा की तरफ से यह नारा लगाया जाएगा तो कांग्रेस याद दिलाएगी कि भाजपा जो कहती है पूरा नहीं करती है, भाजपा ने वादा किया था कि वह किसानों का धान खरीदी का पैसा एकमुश्त देगी लेकिन 24-25 सत्र में वह ऐसा नहीं कर सकी थी।यह सच भी तो है क्योंकि भाजपा आए दिन धान खरीदी के आंकडे जारी कर यह तो बताती है कि उसने कितना धान खरीद लिया है, कितने किसानों को धान का कितना पैसा दिया है लेकिन वह यह नहीं बताती थी कि किसानों को अंतर राशि का भुगतान कितना किया गया है और धान का समर्थन मूल्य का कितना पैसा दिया है।सरकार की तरफ से बताया गया है कि पांच जनवरी तक किसानों से 97.60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है यानी 61 प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है।।39 लाख मी.टन का उठाव हो चुका है।20 लाख किसानों को 21 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। किसानों से औसतन सवा तीन लाख टन धान की खरीदी हो रही है।31 जनवरी तक धान खरीदी होगी यानी19 दिन और धान खरीदी होनी है। धान खरीदी का लक्ष्य 160 लाख टन है यानी सरकार को इस दौरान 60 लाख टन धान की खरीदी करनी है जो हो जाएगी क्योंकि सवा तीन लाख टन धान की खरीदी रोज हो रही है। यदि किसी कारण से इतनी धान खरीदी नहीं हो सकती है तो सरकार धान खरीदी का समय बढ़ा सकती है। सरकार की तरफ यह तो बताया गया कि धान खरीदी कितनी हुई है, कितना भुगतान किया गया है लेकिन यह छिपा लिया गया कि धान की अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है या नहीं किया जा रहा है।अब जाकर सीएम साय ने यह साफ किया है कि राज्य के धान बेचने वाले 27 लाख किसानों को अंतर की राशि फरवरी में एकमुश्त दे दी जाएगी। उन्होंने यह घोषणा बालोद की धरती से की है। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी उन्होंने बालोद की धरती से ही 25 लाख किसानों के खाते में 13320 करोड़ रुपए भेजा था। उन्होंन कहा कि आज में जुगेंरा के इस मंच घोषणा कर रहा हूं कि जैसे धान खरीदी समाप्त होगी, उसके बाद यह साफ हो जाएगा कि कितने किसानों ने धान बेचा है,किसानों के खाते में अंतर की राशि भेज दी जाएगी। यहां पर उन्होंने यह साफ कर दिया कि सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है।वर्तमान में केंद्र सरकार से निर्धारित समर्थन मूल्य के हिसाब से किसानों को राशि की जा रही है, इसलिए किसानों को समर्थन मूल्य का पैसा ही दिया जा रहा है। यह बात तो साय सरकार राज्य के किसानों को पहले भी बता सकती थी कि धान खरीदी की अंतर की राशि का भुगतान धान खरीदी के बाद किया जाएगा। हो सकता है कि विपक्ष इस पर सरकार की आलोचना करता कि सरकार के पास किसानो को अंतर की राशि देने के लिए फंड नहीं है, इस डर से सरकार ने किसानों को यह नहीं बताया कि अंतर की राशि का पैसा कब देगी।साय सरकार अंतर की राशि का पैसा भले एक दो माह देरी से दे रही है लेकिन किसानों को लिए यह कोई देरी नहीं है क्योंकि भूपेश बघेल सरकार तो राज्य के किसानों को धान खरीदी के बाद अंतर की राशि का भुगतान चार किश्तों में करती थी, यानी एक साल बाद ही किसानों को अंतर की राशि का पूरा पैसा मिलता था। इस हिसाब से देखा जाए तो साय सरकार राज्य के किसानों को भूपेश सरकार की तुलना में जल्दी ही अंतर की राशि का भुगतान कर रही है। किसानों के धान की खरीदी ज्यादा कर रही है, पहले से ज्यादा किसानों को पैसे का भुगतान भी तो ज्यादा कर रही है। कांग्रेस 14 नवंबर को धान खरीदी शुरू होने के बाद से कह रही थी कि साय सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है, इसलिए धान खरीदी धीमी गति से कर रही है। उसी धीमी गति आज 100 लाख मी. टन की खरीदी हो चुकी है, अब मात्र 60 लाख टन धान की खरीदी बची है। वह भी आने वाले दिनों में हो जाने की उम्मीद है यानी कांग्रेस धान खरीदी के मामले अब तक जो कुछ कहती रही है, वह सब आने वाले दिनों में झूठ साबित होने जा रहा है। आने वाले दिनों में साय सरकार दूसरी बार यह साबित करने जा रही है कि वह भूपेश सरकार से किसानों को देने के मामले में बेहतर है और बेहतर रहेगी। वह भूपेश सरकार से ज्यादा किसान हितैषी है और आने वाले सालो में ज्यादा किसान हितैषी रहेगी।


विश्व हिंदी दिवस

किशन सनमुखदास भावनानीं

# हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा में जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है

वैश्विक स्तरपर इंग्लिश मंदारिन के बाद,हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोलने वाली भाषा है।10 जनवरी 2025 को जहां विश्व में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है, वही 14 सितंबर को भारत में हिंदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकिहिंदी को 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में राजभाषा बनाने का फैसला किया था।वैश्विक स्तरपर हिंदी को लेकर पहला आयोजन 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में किया गया था, इस सम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। साल 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। साल 2006 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। हिंदी हमारी एक राजभाषा है और उत्तर भारत के कई राज्यों में प्रमुख रूप से बोली जाती है। हिंदी भारत के अलावा भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश नेपाल, श्रीलंका में भी बोली जाती है, इसके अलावा दुनियाँ के कई देशों में यह भाषा लोकप्रिय है और मॉरीशस जैसे देशों में भी बोली जाती है। हिंदी को जन-जन की भाषा के रूप में भी जाना जाता है औए इस भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। हर साल दो बार हिंदी दिवस मनाया जाता है। चूँकि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा व जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2025, हिंदी भाषा सभी समुदायों धर्मो संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है।

साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा को गहराई से जानने की करें तो, (1) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को जनमानस की भाषा कहा था। वह चाहते थे कि हिन्दी राष्ट्रभाषा बने। उन्होंने 1918 में आयोजित हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए कहा था। आजादी मिलने के बाद लंबे विचार-विमर्श के बादआखिरकार 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में हिन्दी को राज भाषा बनाने का फैसला लिया गया। हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के विचार से बहुत से लोग खुश नहीं थे। कइयों का कहना था कि सबको हिंदी ही बोलनी है तो आजादी के क्या, मायने रह जाएंगे, ऐसे में मत बंटने से हिंदी नहीं बन पाई देश की राष्ट्रभाषा। (2) इंग्लिश और मंदारिन के बाद हिंदी विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। (3) विश्व हिंदी दिवस और हिंदी दिवस में अंतर है, भारत में हिंदी दिवस 14 सितंबर को होता है। वहीं हर साल विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। दोनों दिनों का मकसद हिन्दी को प्रोत्साहित करना है। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तरपर इसे बढ़ावा देना है।14 सितंबर के दिन 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला किया था। इस दिन की याद में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। जबकि विश्व हिंदी दिवस का मकसद विश्व में हिंदी को बढ़ावा देना है। 10 जनवरी, 2006 को भारत सरकार ने इसे विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। पहले विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में किया गया था। अभी तक पोर्ट लुईस, स्पेन, लंदन, न्यूयॉर्क, जोहानसबर्ग आदि सहित भारत में विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन किया जा चुका है। (4) दुनिया की सबसे प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी (शब्दकोश) हर साल




भारतीय शब्दों को जगह दे रही है। ऑक्सफोर्ड ने आत्मनिर्भरता, चड्डी, बापू, सूर्य नमस्कार, आधार, नारी शक्ति और अच्छा शब्द को भी अपने प्रतिष्ठित शब्दकोश में जगह दी है। ह्यअरे यार !ह्ल, भेलपूरी, चूड़ीदार, ढाबा, बदमाश, चुप, फंडा, चाचा, चौधरी, चमचा, दादागीरी, जुगाड़, पायजामा, कीमा, पापड़, करी, चटनी, अवतार, चीता, गुरु, जिमखाना, मंत्र, महाराजा, मुगल, निर्वाण, पंडित, ठग, बरामदा जैसे शब्द भी इसमें शामिल हैं। (5) दक्षिण प्रशांत महासागर क्षेत्र में फिजी नाम का एक द्वीप देश है जहां हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। (6) भारत के अलावा मॉरीशस, फिलीपींस, नेपाल, फिजी, गुयाना, सुरिनाम, त्रिनिदाद, तिब्बत और पाकिस्तान में कुछ परिवर्तनों के साथ ही सही लेकिन हिंदी बोली और समझी जाती है। (7) हिंदी में उच्चतर शोध के लिए भारत सरकार ने 1963 में केंद्रीय हिंदी संस्थान की स्थापना की। देश भर में इसके आठ केंद्र हैं। (8) अभी विश्व के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है और पूरी दुनिया में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। अमेरिका में लगभग एक सौ पचास से ज्यादा शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का पठन-पाठन हो रहा है।(9) भारत फिजी के अलावा मॉरीशस, फिलीपींस, अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूगांडा, सिंगापुर, नेपाल, गुयाना, सुरिनाम, त्रिनिदाद, तिब्बत, दक्षिण अफ्रीका, सूरीनाम यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और पाकिस्तान में कुछ परिवर्तनों के साथ ही सही लेकिन हिंदी बोली और समझी जाती है। (10) हिंदी का नाम फारसी शब्द ह्यहिंदह्ण से लिया गया है, जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। फारसी बोलने वाले तुर्क जिन्होंने गंगा के मैदान और पंजाब पर आक्रमण किया, 11वीं शताब्दी की शुरूआत में सिंधु नदी के किनारे बोली जाने वाली भाषा को ह्यहिंदीह्ण नाम दिया था। यह भाषा भारत की आधिकारिक भाषा है और संयुक्त अरब अमीरात में एक मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा है।

साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा को एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा वह जीवन शैली के लिए अभिन्न हिस्सा होने की करें तो, हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है। यह हमारी पहचान है, और हम सभी हिंदी बोलकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हैं। हिंदी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है और यह हमारे साहित्य, कला, और फिल्म उद्योग का अभिन्न हिस्सा है। हिंदी फिल्मों के माध्यम से यह भाषा न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय हुई है। बॉलीवुड ने हिंदी को वैश्विक स्तर पर एक पहचान दिलाई है।दुनिया भर में हिंदी बोलने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में लगभग 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अलावा, नेपाल पाकिस्तान, बांगलादेश, श्रीलंका जैसे देशों में भी हिंदी बोली जाती है। आजकल हिंदी का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, और विभिन्न देशों में हिंदी सीखने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हिंदी भाषा अब न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोगों के बीच संवाद का माध्यम बन गई है। हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सभी समुदायों, धर्मों और संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। भारत में विविधता के बावजूद हिंदी ने हमेशा एकता का प्रतीक माना है। यह भाषा हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करती है। हिंदी में संवाद करने से हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को आसानी से व्यक्त कर सकते हैं।विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी को एक वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करना है। इस दिन हम यह संकल्प लेते हैं कि हम अपनी भाषा को बढ़ावा देंगे और इसे पूरे विश्व में फैलाने का कार्य करेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी को न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी सम्मान मिले।अतः अगर हम उपलब्ध पर्यावरण का अध्ययन करें इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि,विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2025-हिंदी भाषा सभी समुदायों धर्मों संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है।हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा में जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है।प्राचीन भारत में साहित्य कला व संस्कृति में हिंदी का अभिन्न योगदान है व भारतीय समाज की आत्मा है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके बढ़ते खर्च आपकी चिंताओं को बढ़ाएंगे। आपको मानसिक तनाव बना रहेगा। परिवार में भी आपसी लड़ाई-झगड़ा का असर आपके रिश्ते पर भी पड़ेगा। आप अपने किसी मन की इच्छा को लेकर परिवार के सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगेगी, लेकिन फिर भी आप कुछ नहीं कहेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग सिंगल हैं, वह अपने प्यार को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बन सकता है। आपको संतान की पढ़ाई को लेकर यदि कोई टेंशन चल रही थी, तो उसे भी दूर करने के लिए आप उनके गुरुजनों से बातचीत करेंगे। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर थोड़ी सावधानी बरतें और किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में काम का दबाव अधिक रहेगा, जिसके लिए आपको मेहनत भी अधिक करनी होगी। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। दान-धर्म के कार्य में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको अपने कामों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों की समस्याओं को सुनने के लिए भी समय निकालना होगा। संतान के लिए आप किसी छोटे-मोटे बिजनेस की शुरूआत करा सकते हैं। आपको अपने कामों में पूरी दृढ़ता दिखानी होगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं, उनको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होगी। आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत से किसी काम को समय से पहले पूरा करके देंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप किस मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपके पिताजी का कोई पुराना रोग उभर सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। पार्टनरशिप में यदि आपने कोई डील फाइनल की थी, तो वह भी आपको अच्छा मुनाफा दे सकती हैं। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपको कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। परिवार में किसी सदस्यों को नौकरी के लिए घर से दूर जाना पड़ सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके घर किसी परिजन के आने से खुशियां बनी रहेगी। खर्चा भी अधिक होगा। पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी से कुछ मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। संतान को तरक्की करते देखा आपको खुशी होगी। आप अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप मेहनत और लगन से काम करेंगे। आपके कामों में सहजता बनी रहेगी। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती हैं। आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। आपको परिवार के सदस्यों की जरूरतों को भी पूरा करना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक काम मिलने से खुशी होगी। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों को पूरा करने में काफी धन खर्च करेंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में भी आपकी काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को लेकर कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, जिसमें बाद में गड़बड़ी हो सकती है। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई स्कॉलरशिप मिल सकती है। आपके किसी संबंधी से कहासुनी होने से आपका मन परेशान रहेगा। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। परिवार के सदस्यों को लेकर आप कहीं जाने की योजना बना सकते हैं। आप किसी वाद-विवाद में ना पड़ें और किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई पारिवारिक समस्या चल रही है, तो आप उसका मिल बैठकर निदान करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप बिजनेस में अच्छा मुनाफा पाएंगे। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको कोई बड़ा टेंडर मिलने की पूरी संभावना है। सरकारी योजनाओं में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप प्रॉपर्टी के लेनदेन के बारे में सोच विचारकर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

# भारत ही नहीं विश्व की प्रमुख भाषा है हिन्दी

संदीप सृजन-विनायक फीचर्स

हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है। हिंदी भाषा केवल भारत की भाषा नहीं है बल्कि विश्व भर में फैली हुई है। साहित्य, संस्कृति,शिक्षा, व्यापार, संचार के माध्यम से सारा विश्व हिंदी को स्वीकार कर रहा है। हिंदी का इतिहास बहुत पुराना है। यह भाषा संस्कृत से विकसित हुई है, जो प्राचीन भारत की प्रमुख भाषा थी। लेकिन हिंदी का विकास मध्ययुगीन काल में हुआ, जब यह भाषा उत्तर भारत में फैलने लगी। हिंदी को 1947 में भारत की राजभाषा के रूप में भी मान्यता मिली है।

**हिंदी दिवस कब से**-10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। यह दिवस हिंदी भाषा के महत्व और प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस की शुरूआत 1975 में हुई थी, जब पहली बार विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में हिंदी भाषा के महत्व और प्रभाव पर चर्चा की गई थी। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व और प्रभाव को बढ़ावा देना है। यह दिवस हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रसार के लिए काम करने के लिए मनाया जाता है।

**हिंदी का विकास क्रम**-संस्कृत काल (500 ई. पूर्व - 500 ई.) संस्कृत प्राचीन भारत की प्रमुख भाषा थी। यह भाषा वेदों, उपनिषदों, और अन्य प्राचीन ग्रंथों में प्रयोग की गई थी। प्राकृत काल (500 ई. 1000 ई.) प्राकृत संस्कृत के बाद की भाषा थी। यह भाषा मध्ययुगीन काल में प्रयोग की गई थी। अपभ्रंश काल (1000 ई. -1400 ई.) अपभ्रंश प्राकृत के बाद की भाषा थी। यह भाषा मध्ययुगीन काल में प्रयोग की गई थी। हिंदी का विकास (1400 ई. - 1800 ई.) हिंदी का विकास मध्ययुगीन काल में हुआ। यह भाषा उत्तर भारत में फैलने लगी। हिंदी का आधुनिकीकरण 19वीं शताब्दी (1800 ई.-1947 ई.) में हुआ। यह भाषा आधुनिक शिक्षा, साहित्य, और मीडिया में प्रयोग की जाने लगी। इस काल में, हिंदी का विकास भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन ने हिंदी को एक राष्ट्रीय और राजनीतिक भाषा के रूप में विकसित किया। इस काल में हिंदी के कई प्रमुख कवि और लेखक हुए। स्वतंत्रता के बाद के काल में, हिंदी का विकास भारत की राजभाषा के रूप में हुआ। भारत सरकार ने हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता दी और इसके विकास के लिए कई कदम उठाए। इस काल में हिंदी के कई प्रमुख रचनाकार हुए जिन्होंने हिंदी के विकास में अपना योगदान दिया।

**भारत में हिंदी का महत्व**-भारत में हिंदी का सांस्कृतिक महत्व सर्वव्यापी है , राजभाषा के रूप में यह देश की राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती है। सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हिंदी में कई महान कवि, लेखक, और कलाकार हुए हैं जिन्होंने भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाया है। हिंदी भारत में शिक्षा का एक प्रमुख माध्यम है। भारत के लगभग सभी विश्वविद्यालय और कॉलेज हिंदी में उच्च शिक्षा प्रदान करते हैं। हिंदी में कई पुस्तकें और पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं जो ज्ञान और सूचना का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। हिंदी भारत में व्यवसाय और उद्योग की एक प्रमुख भाषा है। हिंदी में कई विज्ञापन और मीडिया चैनल हैं जो व्यवसाय और उद्योग को बढ़ावा देते हैं। हिंदी भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण भाषा है। हिंदी भारत में सामाजिक एकता को बढ़ावा देती है। हिंदी सामुदायिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण भाषा है। हिंदी सामाजिक न्याय के लिए एक महत्वपूर्ण भाषा है।

**विश्व में हिंदी की स्थिति**-आज की हिंदी भाषा विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों से प्रभावित हुई है। हिंदी में कई शब्द फारसी, अरबी व अन्य भाषाओं से भी लिए गए हैं। समय समय पर हिंदी की व्याकरण और शब्दावली में भी कई परिवर्तन हुए हैं। लेकिन हिंदी का वैश्विक प्रभाव बहुत व्यापक हो रहा है। हिंदी भाषा आज भारत के बाहर बल्कि विश्व भर में फैली हुई है। विश्व भाषाओं की रैकिंग में आज हिंदी पहले नम्बर पर है। विश्व हिंदी शोध संस्थान के महानिदेशक डॉ जयंति प्रसाद नौटियाल के शोध पत्र के अनुसार विश्व में हिंदी समझने वालों की संख्या 159 करोड़ है जबकि अंग्रेजी समझने वालों की संख्या 150 करोड़ है। हिंदी का उपयोग न केवल भारत में बल्कि अन्य देशों में भी किया जाता है। हिंदी की महत्ता बहुत अधिक है। हिंदी का उपयोग शिक्षा, साहित्य, और संस्कृति में किया जाता है। आज हिंदी का विश्व में प्रभाव विश्व के कई देशों में देखा जा सकता है जैसे नेपाल, भूटान, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम। यहां हिंदी बोली और समझी जाती है। हिंदी के विश्व भाषा बनने की संभावना के बारे में विभिन्न विचार हैं। कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी के विश्व भाषा बनने की संभावना है। हिंदी के विश्व भाषा बनने की संभावना इसलिए मजबूत है क्योंकि हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, और भारत की आबादी विश्व में दूसरी सबसे बड़ी है।आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है,और हिंदी भारत की आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।


## चर्चित मुद्दा

# महिला सम्मान की उम्मीद और इनसे ?

निर्मल रानी

हमारे समाज में महिला हितों व उनके सम्मान की बातें यदि किसी वर्ग द्वारा सबसे अधिक की जाती हैं तो वह है देश का राजनैतिक वर्ग। इन्हीं के मुंह से समय समय पर महिला सम्मान में ऐसे ऐसे लुभावने शब्द गढ़े व निकाले जाते हैं जिन्हें सुनकर एक बार तो यही धोखा होता है कि भारतीय पुरुषों विशेषकर राजनेताओं से अधिक महिला सम्मान की चिंता तो शायद पूरी दुनिया में किसी को भी नहीं होगी।कभी कन्या पूजन,कभी देवी कभी पूज्या कभी लाडली बहना,कभी लखपति दीदी तो कभी प्यारी दीदी कभी आधी आबादी जैसे अनेक लोकलुभावन नामों से पुकारा जाता है तथा उनके हित में ऐसे ही नामों की योजनायें भी चलाई जाती हैं। परन्तु सही मायने में यह सभी राजनैतिक प्रपंच केवल महिलाओं के वोट बैंक साधने मात्र के लिए ही किये जाते हैं। इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की वास्तव में क्या इज्जत है इसे समझने के लिये केवल एक ही तर्क पर्याप्त है कि भारत में प्रचलित लगभग सभी गलियां महिलाओं को ही केंद्रित कर गढ़ी गयी हैं। मां बहन की गालियां तो लोग देते ही हैं परन्तु यदि सबसे हल्की गाली यानी कोई किसी को 'साला' भी कहता है तो भी वह उसकी बहन को ही गरिया रहा होता है। सदियों से ऐसे ही धारणा पाले हुये इस पुरुष प्रधान समाज से महिलाओं द्वारा मान सम्मान आदर सत्कार सुरक्षा या संरक्षण की उम्मीद करना कतई बेमानी है और यह महिलाओं द्वारा केवल अपने को धोखे में रखना है। काफी दिनों से एक प्रवृति यह भी देखी जा रही है कि पहले लोग अपनी विकृत सोच को अपने जहरीले बोल के द्वारा बाहर निकलते हैं। उसके बाद जब उन की बदकलामी के चलते उनपर दुनिया थूकने लगती है तो बड़ी ही चतुराई से यह सधे हुये शब्दों में मुआफी मांगकर 'बगुला भगत' बन जाते हैं। जैसे अभी पिछले दिनों दिल्ली भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा किया गया। रमेश बिधूड़ी 2014 व 2019 में दो बार दक्षिणी दिल्ली से सांसद रह चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी तो नहीं बनाया था परन्तु इस बार बिधूड़ी को भाजपा ने कालकाजी विधानसभा सीट से संभवतः अपना प्रत्याशी तो बनाया है परन्तु उनकी बदजुबानी के चलते उन्हें चुनावी मैदान से हटाये जाने की खबरें सुनाई देने लगी हैं। पिछले दिनों रमेश बिधूड़ी ने अपने चुनाव क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि- 'लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा।' दूसरी सभा में विधुड़ी ने अपने विरुद्ध आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सरनेम को लेकर इसी तरह की ओछी टिप्पणी करते हुये उनके बुजुर्ग पिता तक को अपनी घटिया टिप्पणी में शामिल कर लिया। उसके बाद बड़ी ही शातिराना अंदाज में मुआफी मांगकर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की परन्तु तब तक उनके भीतर का विकार बाहर निकल चुका था। अपनी व अपनी पार्टी की घोर फजीहत के बाद विधुड़ी ने यह कहकर अपना मुंह छुपाने की कोशिश की कि - ‍मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूँ। इसी भाजपा के दिल्ली के नेता प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान शाहीन बाग के आंदोलन का जिक्र करते हुये यहाँ तक कह दिया था कि -'दिल्ली के लोगों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। ये लोग आपके घरों में घुसेंगे, आपकी बहन-बेटियों को उठाएंगे, रेप करेंगे, उनको मारेंगे'। इसी तरह भाजपा के बंगलुरु से फायर ब्रांड सांसद तेजस्वी सूर्य ने 2015 में ट्वीट कर अपना अधकचरा ज्ञान सांझा करते हुये कहा था कि - 95 प्रतिशत अरब महिलाएं ऐसी हैं जिन?होंने पिछले कई वर्षों में ऑर्गजेम (कामोत्तेजना की चरम अवस्था ) का अनुभव नहीं किया है। हर मां ने बच?चे बस सेक?स की वजह से पैदा किए हैं न कि प?यार की वजह से।' सूर्या की इस घटिया व निम्न स्तरीय टिप्पणी के बाद कई अरब देशों ने इस बयान पर आपत्ति जताई थी। गोया ऐसे बयानों से न केवल महिलाओं के प्रति इनकी दुर्भावना व ओछापन जाहिर होता है बल्कि यह देश की बदनामी का भी सबब बनते हैं। याद कीजिये हमारे देश में महिलाओं को 'नमन ' करने का ढोंग करने वाले ऐसे नेताओं द्वारा कौन कौन से भद्दे बोल नहीं बोले गये ? किसी नेता ने 'कांग्रेस की विधवा ' शब्द का इस्तेमाल किया किसी ने 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड कहकर महिला समाज को नीचा दिखने का प्रयास किया। कभी विधवा विलाप शब्द इस्तेमाल किये गये तो किसी ने महिलाओं को 'टंच माल ' बताया। कभी 'मंगलसूत्र' पर प्रहार किया गया तो कभी महिलाओं को 'मुजरा' करने से जोड़ा गया। किसी ने 'मंडी का भाव' पूछा तो किसी ने महिलाओं के लिये 'परकटी' शब्द का प्रयोग किया। न जाने कितने सांसद,विधायक व मंत्री,पाखंडी धर्मगुरु,उच्चाधिकारी आदि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी हैं और रहे हैं। कोई अपनी पत्नी को त्याग कर देश की महिलाओं के कल्याण की बातें कर रहा है तो कई बिन ब्याहे नेता लोगों को घर गृहस्थी का सलीका सिखा रहे हैं। मणिपुर में देश की महिलाओं के साथ जो दुष्कृत्य वहां की शासन व्यवस्था की नाकामी के कारण लंबे समय से होते आ रहे हैं उसे लेकर पिछले दिनों 18 महीने बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने ऐसी घटनाओं पर पीड़ितों से मुआफी मांग कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी। और इन सबसे शर्मनाक बात यह भी है कि महिलाओं के पक्ष विपक्ष की बातें भी अब दलीय स्तर पर होने लगी हैं। यानी मणिपुर की महिलाओं से नग्न परेड कराई जाती है तो भाजपाई महिला नेत्रियाँ मणिपुर की महिलाओं पर चिंता व्यक्त करने या उन हालत पर आक्रोशित होने के बजाये यह ढूंढने लग जाती हैं कि किस गैर भाजपा शासित राज्य में महिलाओं के साथ ज्यादती हुई है। उस तरह के मामलों को उठा कर मणिपुर की महिलाओं के हालात का काउंटर करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में इन अवसरवादी व सत्ता लोभी राजनीतिज्ञों से महिला सम्मान की उम्मीद रखना कितना व्यवहारिक है यह स्वयं सोचा जा सकता है।





एक नजर

### मानबाई के परिवार को खपैरल वाले घर की जगह मिला पक्का मकान



**कांकेर, 10 जनवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना लोगों को न सिर्फ सिर पर पक्के आवास का सुखद अनुभव करा रही है, बल्कि हितग्राही पहले की अपेक्षा अब अधिक सुरक्षित और बेहतर महसूस कर रहे हैं। योजना के तहत पक्का आवास मिलने से हितग्राहियों में संतुष्टि के भाव परिलक्षित हो रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण जिले के कांकेर विकासखंड के ग्राम माकड़ीखुना की रहने वाली श्रीमती मानबाई यादव में देखने को मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25 में उन्हें आवास स्वीकृत हुआ था, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में तेजी से प्रगति पर है। फिलहाल उनका लिंटल लेवल का कार्य चल रहा है और शीघ्र ही पूरा होने की उम्मीद भी है। श्रीमती यादव अपने पुराने कच्चे मकान में अपने बेटे-बहू के साथ निवास कर रही हैं। उनका बड़ा बेटा ट्रक चलाता है, जबकि छोटा बेटा एक निजी टेंट दुकान में कार्य करता है। खुद श्रीमती यादव मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब हैं और कभी सोचा भी नहीं था कि उनका भी पक्का मकान बनेगा। श्रीमती यादव ने बताया कि फिलहाल वह अपने परिवार के साथ कवेलुपोश घर में रह रही हैं जो सुरक्षा के लिहाज से ठीक नहीं है। जंगली जानवरों का भय हमेशा सताता रहता है तथा असहज भी महसूस होता है, लेकिन अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें यह सुविधा मिल जाने पर उनके सिर पर पक्का आवास होगा। श्रीमती यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का बार-बार धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से उनका पक्का मकान बनने का सपना जल्द ही हकीकत में बदल जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में इस योजना से गरीबों को काफी राहत मिल रही है और उनकी जीवनशैली में लगातार सुधार हो रहा है।

### 26 एवं 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर, 10 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने 26 जनवरी दिन रविवार एवं 30 जनवरी दिन गुरूवार को जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 4(क) व्यावसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि शुष्क दिवस के दौरान जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### 22 जनवरी को होगी जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जगदलपुर 10 जनवरी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति श्री हरिस एस की अध्यक्षता में 22 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से कार्यालय कलेक्टर के प्रेरणा हाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में जिला सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्यों को उपस्थित होने कहा गया है। उक्त बैठक में ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार, सड़क किनारे लगे पेड़ों में रेडियम लगाये जाने, मुख्य मार्ग से अतिकमण हटाओ अभियान, द्विपहिया वाहन में हेलमेट एवं चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट के चैकिंग की कार्यवाही, सड़कों पर यातायात संकेतक, चेतावनी, ट्रैफिक कॉलिंग हेतु कार्यवाही, ड्रायविंग में विचलित करने वाले होर्डिंग्स हटाए जाने, खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर ड्रायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही, संकेतक बोर्ड का लगाया जाना एवं गति अवरोधक को हाईलाईट करने, स्कूल बसों का निरीक्षण, प्रदूषण की रोकथाम हेत कार्यवाही, दुर्घटनाओं के शिकार हुये लोगों की तत्काल मदद एवं चिकित्सा हेतु प्रबंध एवं ट्रामा सेन्टर की स्थापना, आवारा मवेशियों को रोड से हटाने एवं वैधानिक कार्यवाही, यातायात नियमों के बारे में जागरूकता, शहर में अस्थायी रूप से वाहनों के पार्किंग की जगह निर्धारित करने, मार्गों का मरम्मत एवं निर्माण कार्य सहित शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित करने सम्बन्धी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### फागुन मड़ई मेला की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



**दंतेवाड़ा, 10 जनवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने मार्च 2025 में आयोजित होने वाले फागुन (मड़ई मेला) की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने मेले के दौरान ठहरने की उचित व्यवस्था, शेड निर्माण, शौचालय और पानी की उपलब्धता, नियमित साफ-सफाई, रास्तों की मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने भैरमबाबा मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि मेले में पधारने वाले ग्राम देवी-देवताओं और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, उन्होंने मेला क्षेत्र में लगाए जाने वाले अस्थाई मनिहारी दुकानों के साथ-साथ अन्य दुकानों के लिए उचित स्थान चिन्हित करने को भी कहा। ताकि मेला व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक इंतजाम भी समय पर पूरे करने के भी उन्होंने निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रधान जिया श्री हरेंद्र नाथ, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, एसडीएम श्री अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 13 लाख रुपये के ईनामी माओवादी सहित कुल 13 माओवादियों ने किया सरेंडर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,10 जनवरी।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स कोंटा सेक्टर के मार्ग दर्शन व पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर13 लाख रुपए के ईनामी माओवादी सहित 13 माओवादियों न आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में-मुन्ना ककेम पिता सुकलू ककेम,निवासी कोरसा गुड़ा बकनालपारा कटाम एरिया कमेटी सदस्य, ईनाम 05.00 लाख रूपये, संगठन में वर्ष 2012 से सक्रिय। 2.सुखराम हेमला पिता पाण्डू हेमला उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी काकेकोरमा राजापारा थाना बीजापुर, पदनाम - पीपीसीएम प्लाटून नम्बर 10 सेक्शन ÷ए÷ कमाण्डर , ईनाम 05.00 लाख रूपये, संगठन में वर्ष 2003 से सक्रिय3. देवे मड़कम ऊर्फ चांदनी पति नंदू अवलम ऊर्फ दुर्गेश,निवासी फूलनपाड़ गोलापारा मलाजखण्ड एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, ईनाम 01.00 लाख रूपये, संगठन में वर्ष 2000 से सक्रिय थी । 4. नन्दू अवलम ऊर्फ दुर्गेश ऊर्फ कोटेश पिता बुदरू अवलम,निवासी बेदरे रोडपारा गोंदिया डिवीजन में पार्टी सदस्य, ईनाम 01.00 लाख रूपये, संगठन में वर्ष 2007 से सक्रिय था। 5.भीमा वेको पिता मंगडू वेको, निवास काउरगुटटा जीरापारा,पामेड़ एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, ईनाम 01.00 लाख रूपये, संगठन में वर्ष 2015 से सक्रिय था । 6.बिच्चेम मुड़मा पिता भीमा मुड़मा ,निवासी कोण्डापल्ली तामोपारा, पदनाम- कोण्डापल्ली आरपीसी सीएनएम उपाध्यक्ष, संगठन में वर्ष 2007 से सक्रिय था । 7.लालू माड़वी ऊर्फ गोटा पिता कोसा माड़वी, निवासी गुज्जाकोंटा स्कूलपारा, गुज्जाकोंटा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमाण्डर, संगठन में वर्ष 2007 से सक्रिय था । 8.देवे मड़कम ऊर्फ जानकी पति मंगू कुरसम ऊर्फ पापन्ना,निवासी मेटटागुड़ा पटेलपारा, ग्राम मेटटागुड़ा संगम सदस्या, संगठन में वर्ष 2002 से सक्रिय थी। 9.समैया सुन्नम पिता लक्ष्मैया सुन्नम, निवासी सेण्ड्राबोर एमपुरापारा,जारपल्ली आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/न्याय शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2006 से संगठन में सक्रिय था 10. भीमा नुपो पिता आयता नुपो,निवासी काउरगुटटा मिसापारा, कोमटपल्ली आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कृषि शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2003 से संगठन में सक्रिय था । 11. कोसा मड़कम पिता हिड़मा मड़कम, निवासी काउरगुटटा गोल्लापारा, ग्राम काउरगुटटा भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर, वर्ष 2000 से संगठन में सक्रिय था । 12. बुधू मड़कम पिता हड़मा मड़कम, निवासी काउरगुटटा, ग्राम कउरगुटटा संगम सदस्य, वर्ष 2006 से सक्रिय था । 13. पोज्जे नुपो पति जोगा नुपो, निवासी काउरगुटटा जीरापारा,कोमटपल्ली आरपीसी केएएमएस सदस्या, वर्ष 2000 से संगठन में सक्रिय थी।

# बच्चों को लैंगिक अपराधों से बचाने के लिए पाक्सो एक्ट की जानकारी लोगों को दी जा रही



**बीजापुर 10 जनवरी।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती प्रीतिखोखर चखियार के मार्गदर्शन में जिले में बाल संरक्षण के विभिन्न विषयों की जानकारी स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन, कॉलेजों एवं पंचायत प्रतिनिधि के बीच किया जा रहा है ताकि बच्चों के संरक्षण संबंधित मुददो/विषयो पर जागरूक हो जावे। इस दौरान विकासखण्ड भैरमगढ़ के सभी वार्डो में भ्रमण कर वार्ड स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, एक युद्ध नशे के विरूद्ध पोषण भी पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर, सड़क पर रहने वाले बच्चे, अपशिष्ट सग्रांहक, बाल भिक्षावृति से लिप्त बच्चे, बालश्रम में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान सभी होटल, दुकानों, ढाबा, वाहन गैरेजों एवं वार्ड स्तर पर व लोगों को पॉक्सो एक्ट मे बच्चों को लैंगिक अपराधों से बचाने के लिए प्रावधान की जानकारी दिया जा रहा हैजिले में स्वयं सेवी किशोरी बालक/बालिकाओं को लैंगिक अपराधों से बालको के संरक्षण अधिनियम के संबंध में जागरूक करने हेतु जिले स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभा कक्ष में किया गया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री राहुल कौशिक, उपनिरीक्षक श्रीमती पूनम शर्मा द्वारा बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम क्क्र्रस्ह की जानकारी इस अधिनियम के तहत् यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों को मददगारों की नियुक्ति की जाती ये मददगार बच्चों को बयान दर्ज कराने पैरवी कराने परामर्श देने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करते है। इस अधिनियम के तहत् किसी बालक पर लैंगिंक उत्पीड़न करने पर 3 साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। इस अधिनियम के तहत् यौन हमलें के मामले में कम से कम 10 वर्ष की जेल हो सकती है, इस अधिनियम के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी बालक के खिलाफ मिथ्या परिवाद करता है, तो उसे 6 माह जेल व जुर्माना हो सकता है। बच्चों को गलत तरीके से घूरना, पीछा करना, रास्ता रोकना, गलत तरीके से छूना, अपराध है किशोर न्याय अधिनियम में बच्चों को नशे बचाने के लिए प्रावधान दिया गया है यदि कोई बच्चें को नशा कराता है या नशे का सामान बेचता है उसे 1 लाख रूपये जुर्माना व 2 वर्ष का सजा का प्रावधान है। चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के संबंध में जागरूक किया जा रहा है अभियान के दौरान साइबर क्राईम और एक युद्ध नशे के विरूद्ध के तहत बच्चो को जागरूक किया जा रहा है बच्चों को बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने के लिए शपथ भी दिलाया जा रहा है।

लैंगिक अपराध के खिलाफ दण्ड का प्रावधान- बच्चों के विरूद्ध लैंगिक अपराध को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है तथा दण्ड के प्रावधान किये गये है। इस अधिनियम की धारा 13,14,15 के अंतर्गत अशलील साहित्य के प्रयोजनों के लिए बच्चों का उपयोग करना अपराध घोषित करते हुए उसके लिए दण्ड के प्रावधान किया गया है इस अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के प्रति अपराधों को करने के लिए किसी को उकसाना या प्रेरित करना भी दण्डिनीय अपराध घोषित किया गया है इन मामलों मे दोषी को कडी सजा दी जाती है ।गोपनीयता भी बरती जायेगी इस प्रकार के मामलो में गोपीनियता भी बरती जायेगी अगर कोई लैंगिक अपराध सामना करता है तो उसका नाम व पहचान छुपाई जायेगी। वही दोषी को दोष सिद्ध होने की स्थिति में कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी।

### ग्राम मुचनार में स्थानीय युवाओं के लिए टेलीस्कोप संचालन प्रशिक्षण आयोजित

**दंतेवाड़ा, 10 जनवरी।** जिले मे कैंपिंग के लिए आकर्षण का केंद्र के रूप मे उभरते हुए मुचनार ग्राम मे क्षेत्रीय विकास और खगोलीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, स्थानीय युवाओं के लिए एक विशेष टेलीस्कोप संचालन और खगोलीय विज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 32 स्थानीय युवाओं ने भाग लिया। सनद रहे कि जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ किए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को खगोलीय घटनाओं की पहचान और टेलीस्कोप के सही उपयोग सिखाना है। जिससे उन्हें खगोल विज्ञान के क्षेत्र में तकनीकी कौशल हासिल हो सके और खगोलीय पर्यटन को बढ़ावा मिले। और स्थानीय अर्थव्यवस्था और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। प्रशिक्षण के तहत मुख्य विषयवस्तु के तहत टेलीस्कोप परिचय, इसके विभिन्न प्रकार, कार्य प्रणाली और उपयोग आकाशीय पिंडों का अध्ययन ग्रह, तारे और अन्य खगोलीय घटनाओं का अवलोकन, प्रैक्टिकल सत्र टेलीस्कोप का संचालन और रखरखाव। पर्यटकों को खगोलीय घटनाएं दिखाने और समझाने की प्रक्रिया शामिल की गई है।

# कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक लेकर प्राचार्यों को समन्वित प्रयास करने के दिए निर्देश



**कांकेर, 10 जनवरी।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों की बैठक लेकर जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम लाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही आगामी परीक्षा को दृष्टिगत करते हुए सभी शिक्षकों को एकजुट होकर समन्वित और सामूहिक प्रयास करने और जिले को विशिष्ट स्थान दिलाने के लिए जोर दिया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज अपरान्ह में आयोजित बैठक में उन्होंने उपस्थित प्राचार्यों से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, क्योंकि शिक्षा ही देश और समाज का भविष्य तय करती है। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को अगले डेढ़ महीने में पूरी शिद्दत के साथ जुट जाने और अपनी-अपनी शालाओं में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। साथ ही कमजोर बच्चों पर विशेष रूप से फोकस करते हुए रिमिडियल क्लॉस संचालित करने, उनके पालकों से व्यक्तिगत संपर्क करने तथा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उन्होंने जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने सी और डी ग्रेड वाले हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों की समीक्षा करते हुए संबंधित संस्था प्रमुखों को कार्ययोजना तैयार कर विद्यार्थियों को ए अथवा बी श्रेणी में लाने हेतु हर मुमकिन प्रयास करने के अलावा बीईओ एवं एबीईओ को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करते हुए शिक्षा का स्तर ऊपर लाने के निर्देश दिए। जिले के नरहरपुर एवं कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के सी एवं डी ग्रेड वाले सात स्कूलों को चिन्हांकित कर विशेष रूप से फोकस करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

इसके पहले, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी ने विकासखण्डवार एवं विद्यालयवार ग्रेडेशन की जानकारी ली तथा 'हमर लक्ष्य' कार्यक्रम के तहत अब तक के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार पटेल ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के निर्देशानुसार 'मिशन सक्सेस 2025' के अंतर्गत अगले 45 दिनों में दिए गए लक्ष्य और उसकी पूर्ति के लिए तैयार की गई कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही 'हमर लक्ष्य' कार्यक्रम के तहत अब तक किए गए कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह मॉक टेस्ट आयोजित कर विद्यार्थियों की शिक्षा का स्तर परखने के लिए भी सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित संस्था प्रमुखों को श्रेष्ठ परिणाम तथा उत्कृष्ट शिक्षा स्तर लाने और इस हेतु हर संभव प्रयास करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला समन्वयक समग्र शिक्षा श्री रविकांत मिश्रा, सहायक संचालक, सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### दो प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 10 जनवरी।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मृत्यु होने के दो प्रकरणों में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसील आमाबेड़ा के ग्राम किसकोड़ो 06 माह की कु. गायत्री गावड़े की मृत्यु हो जाने से उनके माता-पिता लालसाय गावड़े और श्रीमती सियारो गावड़े को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार अंतागढ़ तहसील के ग्राम कोनेचूर निवासी 11 वर्षीय निर्वेद आंचला की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित मनेश आंचला और श्रीमती सोमारी बाई को संयुक्त रूप से चार लाख रूपये कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**कांकेर, 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती ओजस्वी मण्डावी के द्वारा आज सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी ने सखी वन स्टॉप सेंटर के उद्देश्य एवं संस्था में अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी देते हुए आयोग की सदस्य को सखी वन स्टॉप सेंटर में आये प्रकरणों की और सखी सेंटर में प्राप्त प्रकरणों की जानकारी दी। आयोग की सदस्य श्री मंडावी ने निरीक्षण के दौरान सखी सेंटर के सभी कक्षा का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित थे।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने दरभा ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

**जगदलपुर 10 जनवरी।** भारत सरकार के अधीन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान और क्षेत्रीय कार्यालय स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण की टीम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश सोनी के नेतृत्व में सहायक निदेशक डॉ. किरण स्वप्निल अखाड़े एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता साहू के द्वारा गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेगानार एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन उप स्वास्थ्य केंद्र लेन्ड्रा का भ्रमण किया गया। उक्त दल द्वारा भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, नॉन कम्युनिकेबल डिसीज प्रोग्राम, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, चाइल्ड हेल्थ और मलेरिया नियंत्रण से संबंधित जानकारी ली गई। इसके पश्चात टीम के सदस्यों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा में डिलीवरी रूम की जांच, फार्मेसी की जांच, लेबोरेटरी की जांच सहित इंडोर पेशेंट वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात आईडीएसपी कार्यक्रम और वयोवृद्ध डिस्पेंसरी में दी जा रही सुविधाओं तथा जोखिम वाली गर्भवती माताओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी टीम द्वारा जानकारी ली गई। इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीएल मंडावी द्वारा मलेरिया नियंत्रण, कुष्ठ एवं क्षय रोग उन्मूलन सहित राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी टीम को दी गई।

### जप्त मादक पदार्थ गांजा को 20 जनवरी को किया जाएगा नष्ट

**जगदलपुर 10 जनवरी।** माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के दिशा-निर्देश के पालन में गठित जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति द्वारा जिला बस्तर क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से परिवहन कर रहे जप्त स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (गांजा) को ग्राम पंचायत नगरनार में स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम प्राइवेट लिमिटेड (एनएमडीसी) के भस्मीकरण संयंत्र के माध्यम से विधिवत नष्टीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है।

जप्त मादक पदार्थ गांजा की 996.570 किग्रा. मात्रा को पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति सदस्यों एवं पंचान के समक्ष 20 जनवरी 2025 नष्टीकरण कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राम पंचायत तुड़पारास में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित



**दंतेवाड़ा, 10 जनवरी।।** आज दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत तुड़पारास में वर्ष 2025 के प्रथम जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने जन समस्याओं के समाधान के लिए शिविर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पहल प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने का प्रयास है ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर शासकीय कार्यालयों में अनावश्यक भाग दौड़ न करना पड़े। राज्य शासन की इसी मंशानुरूप लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर पूर्ण किए जाने वाले आवेदनों और मांगों का समाधान के लिए स्थानीय अनुदान की मदद से पूरे किए जाएंगे और राज्य शासन स्तर से संबंध रखने वाले मांगों के लिए प्रस्ताव संबंधित मंत्रालयों को प्रेषित किए जाएगें। अतः ग्राम तुड़पारास के अलावा इसके आस पास के सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन निःसंकोच व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक आवेदन पत्रों को विभागों के समक्ष प्रस्तुत करें। इसका संतोषजनक निदान अवष्य निकाला जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, की जानकारी दी और उपस्थित आमजन को इनसे होने वाले लाभों से अवगत कराया।शिविर में 16 बच्चों को दीपिका तामो, कमला तामो, रोमा भवानी, चांदनी तामो, सेवन तामो, आयुषी ओयामी, दिनेश ओयामी, अविनाश ओयामी, निखलेश कर्मा, मौसम ओयामी, शिवानी कर्मा, बबीता भोगामी, सोनिया भोगामी, धांसू भोगामी, ममता मरकाम, प्रिया मरकाम को विधायक द्वारा जाति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए थे। शिविर स्थल में विभागों के अधिकारियों द्वारा द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों से लाभान्वित होने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री रामूराम नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री जयदयाल नागेश, जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## मत्स्य पालन से आई आर्थिक समृद्धि, कृषक ''जयराम'' की बदली जिंदगी

**दंतेवाड़ा, 10 जनवरी।** प्रगतिशील कृषकों के लिए मत्स्य पालन सदैव से ही लाभ अर्जित करने का पसंदीदा क्षेत्र रहा है। मत्स्य पालन के



लिए आदर्श परिस्थितियों में जल स्त्रोत के समीप की भूमि को उपयुक्त माना जाता है जहां तालाब का निर्माण किया जा सकता है। इसके अलावा भूमि ऐसी होनी चाहिए जिसमें वर्षा का जल एकत्रित हो सकें। साथ ही विद्युत कनेक्षन और ट्यूबबेल की सुविधा भी मत्स्य पालन के लिए आवश्यक तत्व में से एक है। ऐसे कृषक जिनके पास छोटे बड़े नदी नालों के समीप खेतिहर भूमि है ऐसी स्थिति में मत्स्य पालन कृषियेत्तर आमदनी का आकर्षक विकल्प प्रस्तुत करता है। विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम मैलावाड़ा के कृषक श्री जयराम कश्यप (पिता श्री सोमारू कश्यप) भी 2017 से पूर्व अपनी 3-4 एकड़ की पुश्तैनी भूमि में आम कृषक ही थे। उनकी यह भूमि गांव के बहने वाले सदानीरा नाले के समीप ही थी। वर्ष 2017 में स्वप्रेरणा एवं मत्स्य विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी निजी भूमि के 0.50 हैक्टेयर में तालाब का निर्माण करवाया। इसके पश्चात उनका कुशल मत्स्य पालक के सफर की शुरुआत हुई।

सघन मत्स्य पालन से हुई अतिरिक्त आमदनी ने उन्हें आत्मविश्वास देते हुए मछली पालन से संबंधित उन्नत तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया।

फलस्वरूप 2023-24 में उन्होंने विभागीय सहयोग से 0.10 हेक्टेयर में पौंड-लाइनर (मत्स्य बीज रखने का हौज) का निर्माण (लागत 2.50 लाख रूपये) कराया। पौंड-लाइनर का आकार एक छोटे तालाब के समान होता है। जहां तली में पॉलिथीन की सतह बिछाई जाती है एवं ऑक्सीजन पूर्ति हेतु सिस्टम लगाया जाता है। ताकि मत्स्य बीजों की बढ़त के लिए निरंतर ऑक्सीजन की आपूर्ति होती रहे। मत्स्य पालन विभाग द्वारा इसके लिए अनुसूचित जनजाति वर्गों एवं महिलाओं को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। कृषक जयराम को इसके अलावा विभाग की अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे मत्स्य आखेट उपकरण, आईस बाक्स, मछलियों हेतु परिपूरक आहार, मत्स्य बीज उपलब्ध कराने जैसे लाभ दिए गए। जयराम कश्यप के इन प्रयासों ने उन्हें आज सफल मत्स्य पालक बना दिया है वे बताते है मत्स्य पालन व्यवसाय से उन्हें कुल साढ़े पांच लाख रुपये की सालाना आमदनी हो रही है। जबकि 2017 के पूर्व कृषि से होने वाली आय से कई गुना अधिक है। उनके दोनों पुत्र भी इस कार्य में उनकी मदद करते है। उनके पुत्र लोकेन्द्र ने बताया कि पौंड-लाइनर में छोटी मछलियों के नस्ल जैसे सारंगी (फंगाल) का पालन किया जा रहा है जबकि तालाब में रोहू, कतला, मृगल, कॉमन कॉर्प जैसी मछलियां पाली जा रही है। मछलियों के विपणन के संबंध में उन्होंने बताया कि स्थानीय बाजारों में ही मछलियों की खपत हो जाती है। और कभी-कभी तो मांग इतनी बढ़ जाती है कि पूर्ति करना कठिन हो जाता है। भविष्य की योजना के संबंध में लोकेन्द्र का कहना था कि वे अपने तालाब के समीप ही कुक्कुट शेड बनाना चाहते है। कुल मिलाकर मत्स्य पालन व्यवसाय ने श्री जयराम कश्यप एवं उनके परिवार को एक निश्चित आय का जरिया दिया है। और वह उनके जैसे अन्य कृषकों के लिए एक प्रेरणा का कार्य कर रहे है।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम और सुरेंद्र के आगमन पर चरोदा मंडल के कार्यकर्ताओं ने किया शानदार स्वागत




**भिलाई, 10 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी चरोदा मंडल द्वारा आज शाम नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भिलाई पुरषोत्तम देवांगन का अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रायपुर में भाजपा संगठन बैठक से लौट रहे भिलाई जिलाध्यक्ष सहित दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक भी मंडल के इस कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के आगमन पर चरोदा मंडल के कार्यकर्ता गदगद हो उठे। मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर दोनों जिला अध्यक्षों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भिलाई भाजपा महामंत्री बृजेंद्र सिंह, प्रेम लाल साहू एवं पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा भी शामिल हुए। दोनों जिलाध्यक्षों ने उपस्थित मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात पश्चात मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों से भी भेंट की।

## एक नजर

### सर्चिंग में शरीर का अवशेष मिला

**बीजापुर,10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 03.01.2025 को नक्सल विरोधी सर्च अभियान में चार जिलों की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी।दिनांक 06.01.2025 को गश्त सर्चिंग से वापसी के दौरान नक्सलियों द्वारा डीआरजी दंतेवाड़ा के एक चारपहिया वाहन को ढ्श्वष्ठ ब्लास्ट कर दिया गया था जिसमें डीआरजी दंतेवाड़ा के 8 जवान और एक सिविलियन ड्राइवर तुलेश्वर राणा शहीद हो गये थे।ढ्श्वष्ठ ब्लास्ट में सभी शहीद कि शरीर छिन्नभिन्न हो गये थे। दिनांक 6 जनवरी 2025 को जिला बीजापुर अंतर्गत हुए ढ्श्वष्ठ विस्फोट की घटना में शहीद 08 जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शरीर को दिनांक 7 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में अंतिम सलामी देकर ससम्मान विदाई दी गई थी । विगत तीन दिनों से घटनास्थल के आस पास सुरक्षा बलों एवम गोताखोर टीम के द्वारा गहन सर्चिंग अभियान जारी था कि सर्चिंग के दौरान कल दिनांक 08.01.2025 को डीआरजी बल को सिविलियन ड्राइवर तुलेश्वर राणा के पार्थिव शरीर के एक और अवशेष अंबेली नाला में मिले जिन्हें विधिक कार्यवाही तथा फॉरेंसिक कार्यवाही पूरी करने के पश्चात धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार कार्यवाही हेतु आज दिनांक 09.01.2025 के परिजनों के सुपुर्द किया गया।? घटना स्थल को सुरक्षित रखते हुए, घटना स्थल से समस्त भौतिक साक्ष्यों को एकत्रित किया जा रहा है।

### 11 जनवरी को विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**महासमुंद 10 जनवरी ।** संविधान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे देश में 26 नवंबर 2024 से 26 नवंबर 2025 तक विशेष समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ सहित जिले सभी विद्यालयों में भी इस ऐतिहासिक अवसर को व्यापक रूप से मनाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों को संविधान के मूल सिद्धांतों और आदर्शों को छात्रों के बीच प्रसारित करने हेतु विशेष गतिविधियां आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत 11 जनवरी 2025 को विद्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें अतिथि व्याख्यान, पैनल चर्चा व इंटरएक्टिव वेबिनार का आयोजन शामिल है।इस दिन प्रतिष्ठित व्यक्तित्व जैसे वकील, इतिहासकार, न्यायाधीश या विषय विशेषज्ञों को विद्यालयों में आमंत्रित किया जाएगा। वे संविधान के निर्माण, इसके महत्व और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर व्याख्यान देंगे और छात्रों को प्रेरित करेंगे। उच्च कक्षाओं के छात्रों द्वारा पैनल चर्चा का आयोजन किया जाएगा। यह चर्चा संविधान की समकालीन प्रासंगिकता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर केंद्रित होगी।

### शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलता है एमजीएम में :सांसद विजय बघेल



**भिलाई, 10 जनवरी।** एम जी एम स्कूल पारिवारिक मिलन समारोह में मुख अतिथि मान विजय बघेल जी विशिष्ट अतिथि मान गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग बलदेव भाई शर्मा, डॉ भुपेंद्र ,कुलदीप ,नीरज पवार, शिजू अंथोनी ,उत्पल दत्ता ,सजना जोशी ,अभिषेक सिन्हा ,विश्वनाथ ,सुनील कश्यप, अध्यक्षता कुलदीप जोशफ ने किया सांसद विजय बघेल का स्वागत शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया सांसद विजय बघेल ने सभी को नव वर्ष कि बधाई देते हुए आगे कहा कि हम सभी अपना जीवन जी रहे हैं उसमे ईश्वर की कृपा होती है एम जी एम परिवार से बहुत पहले से जुड़ा हूं एम जी एम के स्कूल कालेज के अन्य कार्यक्रमो में मेरा बहुत पहले से होता रहा है इस एम जी एम को बहुत ही नजदीकी से जानता हूं और यह से वाकिफ हूं यह पर शिक्षा के साथ संस्कार हिन्दू संस्कृति की झलक भी दिखती है और बच्चे बड़े ही संस्कारी है और एम जी एम की इतनी डिमांड है कि जगह छोटी हो जाती है यह पर प्रवेश के लिए बच्चे आते हैं लेकिन जगह की कमी के कारण उनका प्रवेश नहीं हो पाता बहुत से ऐसे स्कूल है ।

जहां मध्यम गरीब वर्ग के बच्चे के लिए व्यवस्था नहीं हो पाती एम जी एम में शिक्षा दी जाती है ये सेवा भाव से कार्य करने वाली संस्था है इस अवसर पर पालक शिक्षक विद्यार्थी अत्यधिक संख्या में उपस्थित थे

# जिले में डेंगू नियंत्रण करने में सफल रहा स्वास्थ्य विभाग

## कलेक्टर के नियमित मॉनिटरिंग के फलस्वरूप मिली सफलता



**रायगढ़, 10 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन जिले में वर्ष 2024 में डेंगू नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाकर डेंगू नियंत्रण का कार्य किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम के साथ अन्य विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डेंगू बीमारी की अगर बात करें तो पिछले कई सालों से रायगढ़ शहरी क्षेत्र को अधिक प्रभावित किया है।डेंगू नियंत्रण के लिए सीएमएचओ डॉ.बी.के.चन्द्रवंशी की अगुवाई में जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ. टी.जी.कुलवेदी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा रायगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ रायगढ़ शहरी क्षेत्रों को अधिक ध्यान दिया गया ताकि डेंगू बीमारी ग्रामीण क्षेत्रों तक न फैले एवं शहरी क्षेत्रों में ही सिमट के रह जाये।कलेक्टर श्री गोयल ने डेंगू नियंत्रण हेतु नियमित मॉनिटरिंग के साथ ही साप्ताहिक बैठक में बैठक में विशेष रूप से डेंगू के संबंध में चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की गई। स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम द्वारा डेंगू कन्ट्रोल हेतु शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्डो के लिए टीम बनाई गई थी। वही कलेक्टर श्री गोयल ने स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागो के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को अलर्ट रखा गया। जिसके तहत टीम बनाकर मैदानी अमले में डेंगू नियंत्रण हेतु कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया था, जो सतत निगरानी के साथ त्वरित निराकरण कर रहे थे।

### जिले में कार्ययोजना बना कर इस प्रकार किया गया डेंगू नियंत्रण

डेंगू नियंत्रण हेतु सर्वप्रथम प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता फैलाई गई। समस्त शासकीय/निजी अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैब को डेंगू के संदेहात्मक लक्षण वाले मरीजों की अनिवार्य रूप से डेगू जांच हो इसके लिए निर्देशित किया गया। सभी शासकीय अस्पतालों में डेंगू जांच एवं उपचार की सुविधा निःशुल्क की गई। इसके साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर डेंगू जांच हेतु सभी संस्था के लिए न्युनतम दर निर्धारित किया गया। जिससे आम जनता को निजी संस्थाओं में भी डेंगू जांच कराने में असुविधा न हो। इसके अलावा कुछ पंजीकृत प्राईवेट अस्पतालों में डेंगू उपचार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क किया गया है। जिन डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स की आवश्यकता थी, उनके लिए मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के साथ साथ कुछ प्राईवेट अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स की सुविधा प्रदान की गई है। डेंगू जांच हेतु समस्त शासकीय संस्थाओं में पर्याप्त मात्रा में डेंगू रैपिड टेस्ट किट उपलब्ध करा दी गई थी। शासकीय संस्थाओं में डेंगू किट से पाजीटीव आने पर उक्त मरीज को संदेहास्पद मान कर उनका कन्फर्मेशन जांच हेतु सिरम सैप्पल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ भेजा जाता था। जहां एलाईजा रीडर मशीन से जांच की जाती थी। समस्त शासकीय एवं निजी अस्पतालों में डेंगू उपचार हेतु अलग से डेंगू वार्ड की व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक डेंगू मरीज के बेड पर मच्छरदानी की सुविधा भी उपलब्ध कराया गया था। डेंगू नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय से लेकर विकासखण्ड स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम बनाई गई थी। जिला मुख्यालय में 24×7 डेंगू कन्ट्रोल रूम स्थापित करके आम जनता के सहायता हेतु हेल्पलाईन नंबर जारी किया गया था। जिसमें डेंगू से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी प्रदाय की जाती थी। डेंगू नियंत्रण में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल, नोडल अधिकारी डॉ.केनन डेनियल, डॉ.एस.के.मंडल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री पी.डी. बस्तियां एवं जिला प्रशासन के सक्रिय सक्रिय अधिकारीगण एवं उसके सदस्यों तथा टीम के योगदान के साथ साथ सतत निगरानी के कारण वर्ष 2024 में डेंगू के अत्यधिक प्रकरण होने के बावजूद भी रायगढ़ जिला डेंगू बीमारी को नियंत्रित करने के सफलता हासिल की गई।टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन के साथ व्यक्तियों का ट्रैवल हिस्ट्री एवं स्वास्थ्य स्थिति का किया गया फॉलोअप शहरी क्षेत्रों के लिए प्रत्येक वार्ड हेतु स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नियंत्रण टीम बनाई गई थी। जिसमें मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजरों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो कि मेंडिकल कॉलेज से डेंगू की कंफर्मेशन जांच उपरांत पाजीटीव रिपोर्ट आने पर मरीज के घर जाकर उनका ट्रेवल हिस्ट्री लिया जाता था एवं यह देखा जाता था कि मरीज के घर परिवार में किसी सदस्य को डेंगू के लक्षण तो नही है, अगर किसी सदस्य में लक्षण पाया जाता था तब उनको डेंगू जांच हेतु नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्था में डेंगू जांच हेतु सलाह दी जाती थी। साथ ही सभी डेंगू मरीजों का लगातार स्वास्थ्य स्थिति का फॉलोअप लिया जाता था।डेंगू कन्ट्रोल टीम द्वारा संबंधित मरीज के घर जाकर उस क्षेत्र के चारों ओर के 100 घरों का सौर्स रिडक्शन रिडक्षन एवं लार्वा सर्वे का कार्य किया जाता था और यह देखा जाता था की उनके घर में कहीं लार्वा तो पनप नही रहा। ऐसे स्थान जहां लार्वा पाया जाता था।

## सरस मेले में गांवों से पहुंची महिलाओं ने क्रिकेट, बैडमिंटन खेला



**रायगढ़, 10 जनवरी।** रायगढ़ में आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला में महिला स्व-सहायता समूहों का हुनर और उत्साह का प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इस मेले में न केवल महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है, बल्कि इन समूहों की महिलाओं द्वारा खेल में हाथ आजमाया जा रहा है। महिलाएं बॉक्स क्रिकेट, बॉक्स बैडमिंटन, रस्सा कस्सी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, निशानेबाजी जैसे खेलों में अपना हुनर दिखा रही हैं। ये खेल केवल महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के बीच खेले जा रहे हैं।

दुर्गापुर क्लस्टर धरमजयगढ़ के मुक्ति स्व-सहायता समूह की विनिता मिंज एवं जय मां स्व-सहायता समूह की सुनिता एक्का को क्षेत्रीय सरस मेला 2025 में पहली बार बैडमिंटन खेलने का मौका मिला। ये महिलाएं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों से लकड़ी लाना और बकरी चराना एवं घरेलू कार्यों में ही हमारा समय निकल जाता है। लेकिन यहां आकर बैडमिंटन खेलना उनके लिए एक नए और रोमांचक अनुभव है जो हमेशा याद रहेगा। इसी तरह गंगा स्व-सहायता समूह कुड़ेकेला की श्रीमती भुवनेश्वरी पटेल ने कहा कि हमेशा से हाथों में घर का कामकाज एवं झाड़ु-बेलन रहा। लेकिन आज यहां क्रिकेट खेलने को मिला जो मेरे लिए खुशी की बात है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन को इसके लिए धन्यवाद दिया कि इन खेलों के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के बीच आपसी समन्वय और खेल भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे वे अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकती हैं और अपने समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। इन खेलों का आयोजन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों और अन्य 8 राज्यों से आए महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। इसके अलावा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रायगढ़ जिले के विभिन्न जनपदों से आए समूहों की महिलाएं इन खेलों में भाग ले रही हैं। प्रत्येक जनपद स्तर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम द्वारा जनपद को 04 क्लस्टर में बाँटा गया है, इन्हीं 04 क्लस्टरों के मध्य महिलाओं की टीम बनाकर बॉक्स क्रिकेट, बॉक्स बैडमिंटन, रस्सा कस्सी, कुर्सी दौड़, मटका फोड, निषाने बाजी, जैसे खेलों में समूह की दीदियाँ भाग ले रही है। सभी जनपदों से क्लस्टर द्वारा विभिन्न खेलों के विजेताओं के मध्य फाइनल मुकाबला 11 जनवरी को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में खेला जाना है। साथ ही 10 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ से आये समस्त 33 जिले के नोडलों के मध्य समस्त खेलों का फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। सभी खेलों के विजेताओं और प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 10 जनवरी ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक मंगलू पुनेम के निकटतम वारिस उनके पिता श्री लक्ष्मण पुनेम निवासी ग्राम तोयनार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह भारी वर्षा से दिवार के गिरने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक छन्नू ओयाम के निकटतम वारिस उनके पुत्र श्री रमेश ओयाम निवासी ग्राम बेचापाल को 4 लाख रूपए कुल 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

राशि का भुगतान संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## मुकेश हत्याकांड मामले में एसआईटी ने किया बड़ा खुलासा



**बीजापुर,10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आरोपी सुरेश ने हत्या से कुछ दिन पहले अकाउंट ट्रांजेक्शन के जरिए निकाली बडी रकम जांच मे एआई और osnit का पुलिस ने किया उपयोग ऐसा पहली बार हुआ इस मामले मे हत्या मे प्रयुक्त लोहे की राड वा अन्य सामान भी बरामद आरोपियों ने बीजापुर एन एच हाईवे मार्ग पर तुमनार नदी के पास छिपाया था हथियार लोकेशन भटकाने के लिए मुकेश का मोबाइल को तुमनार नदी के पास पुलिया मे तोड कर फेंक दिया था पुलिस ने मोबाइल ढूढने नदी मे गोताखोर की भी मदद ली पर मोबाईल नहीं मिला आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सड़क निर्माण में भृस्टाचार की खबर लगाने की वजह से इस घटना को अंजाम दिया गया इस हत्याकांड में पुलिस ने महाराष्ट्र और तेंलगाना पुलिस को शामिल किया था इस घटना की जांच जारी है बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर ने अपने भाईयों के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची थी।

### कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने युवाओं का उत्साहवर्धन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं



**बीजापुर,10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 08 जनवरी को बीजापुर स्थित ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ जिसमें जिले के कुल 129 युवाओं ने सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता, विजान मेला एवं हस्तशिल्प जैसे 13 इवेंट में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतिम रूप से 37 युवाओं का राज्य स्तर पर चयन हुआ जो 12 से 14 जनवरी तक रायपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। युवा महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐ कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने युवाओं को प्रोत्साहित कर उनका उत्साहवर्धन किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। पार्षद घासीराम नाग ने युवाओं को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पाराव ने बीजापुर के युवाओं में अदभुत क्षमता को बताते हुए उपस्थित युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने, कड़ी मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## एनएमएमएसई और प्रयास विद्यालय की तैयारी के लिये कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़, 10 जनवरी।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने जिले के अधिकतम छात्रों का चयन प्रयास विद्यालय में करने के निर्देश दिये गए है, उनके निर्देश के परिपालन में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों के गणित और विज्ञान अध्यापन करने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सभी विकासखण्ड का प्रशिक्षण चार पालियों में आयोजित किया जा रहा है।

प्रयास और राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति की एक दिवसीय कार्यशाला को मास्टर प्रशिक्षक श्री पवन सिंह शिक्षक दुर्ग जिले से और श्री ईश्वरीय सिन्हा शिक्षक बालोद द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर प्रशिक्षक एवं शिक्षक श्री ईश्वरी सिन्हा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हैं, इनका राज्य स्तर में विभिन्न प्रशिक्षणों में अहम भूमिका होती है। इनके प्रयास से दुर्ग जिले में सर्वाधिक बच्चों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति में होता है। प्रशिक्षण को 04 चरणों में आयोजित किया जा रहा है। आज 9 जनवरी को प्रातः 10 बजे से रायगढ़ विकासखंड के शिक्षक और दोपहर 02 बजे से पुसौर और खरसिया विकासखंड के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से धरमजयगढ़ और लैलूंगा विकासखंड के शिक्षक और अपराह्न 02 बजे से तमनार और घरघोड़ा के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।मास्टर प्रशिक्षक श्री पवन सिंह एवं श्री ईश्वरीय सिन्हा ने सभी उपस्थित शिक्षकों को दोनों परीक्षा के फॉर्म कैसे भरना है, क्या-क्या प्रमाणपत्रों की आवश्यकता, अंतिम तिथि क्या है, फॉर्म भरने में क्या सावधानी रखनी है के संबंध में बताया गया। श्री पवन सिंह द्वारा प्रशिक्षण के अगले क्रम में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के प्रश्नों के पैटर्न और उन्हें हल करने के सरल तरीके बताए। श्री ईश्वरीय सिन्हा के द्वारा मोटिवेट करते हुए बच्चों को कितना आना चाहिए, नवाचार कैसे करें, बच्चों को परीक्षा की तैयारी कैसे करें पर विस्तार से शिक्षकों से चर्चा की। पूरे प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों ने अपने जिज्ञासा को दोनों प्रशिक्षकों से पूछकर शांत किया। दोनों प्रशिक्षकों ने प्रश्नों को पहचानना और कम समय में किस तरह हल किया जाय शिक्षकों को विस्तार से बताया। आज के कार्यशाला में रायगढ़ विकासखंड के 120 और खरसिया और पुसौर के 80-80 माध्यमिक शाला के अध्यापन कराने वाले शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सदस्य व जनपद पंचायत अध्यक्षों के लिए आरक्षण की कार्यवाही पूरी



**रायगढ़, 10 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में आज 9 जनवरी को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु जिला पंचायत रायगढ़ के 18 निर्वाचन क्षेत्रों व 7 जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित रायगढ़ जिले के जनपद पंचायत पुसौर, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ के सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायतों का प्रवर्गवार आरक्षण एवं पंचों के लिए वार्डों का प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा, एडिशनल सीईओ श्री एन.आर.पटेल व श्री महेश पटेल सहित संबंधित विकासखण्ड के सीईओ जनपद व जनप्रतिनिधि व जनसामान्य उपस्थित रहे।

जिसके अनुसार जिला पंचायत रायगढ़ के 18 निर्वाचन क्षेत्रों में जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-01 अजजा महिला, क्षेत्र क्रमांक-02-अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-03 अजा महिला, क्षेत्र क्रमांक-04 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक-05 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-06 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक-07 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक-08 अजा मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-09 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक-10 अजजा मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-11 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-12 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-13 अजजा महिला, क्षेत्र क्रमांक-14 अजजा मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-15 अजजा मुक्त, क्षेत्र क्रमांक-16 अजजा महिला, क्षेत्र क्रमांक-17 अजजा महिला एवं क्षेत्र क्रमांक-18 अजजा मुक्त हुए।

जिला रायगढ़ के 7 जनपद पंचायत के अध्यक्ष हेतु जनपद पंचायत रायगढ़-अनारक्षित महिला, पुसौर-अजा महिला, खरसिया-अजजा महिला, घरघोड़ा-अजजा मुक्त, तमनार-अजजा मुक्त, लैलूंगा-अजजा महिला एवं जनपद पंचायत धरमजयगढ़-अजजा महिला मुक्त हुए।जिले के 07 जनपद पंचायतों के 159 निर्वाचन क्षेत्रों का आरक्षण कार्यवाही किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति के 18 अनुसूचित जनजाति के 77, अपिव के 04 पदों का आरक्षण किया गया एवं शेष 60 पद अनारक्षित हुए। आरक्षित प्रवर्गो में से अनुसूचित जाति महिला के 10, अनुसूचित जनजाति महिला के 41 अपिव महिला के 03 पद तथा अनारक्षित महिला के 32 पद हेतु आरक्षण किया गया।ग्राम पंचायत 550 सरपंच पद के आरक्षण कार्यवाही में अनुसूचित जाति के 25, अनुसूचित जनजाति के 419, अपिव के 19 पदों का आरक्षण किया गया एवं शेष 87 पद अनारक्षित हुए। आरक्षित प्रवर्गों में से अनुसूचित जाति महिला के 13, अनुसूचित जनजाति महिला के 211, अपिव महिला के 10 पद तथा अनारक्षित महिला के 44 पद हेतु आरक्षण किया गया।इसी प्रकार जिले के 550 ग्राम पंचायतों के 7497 वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही की गई। जिसमें अनुसूचित जाति के 773, अनुसूचित जनजाति के 3909, अपिव के 270 पदों का आरक्षण किया गया एवं शेष 2545 पद अनारक्षित हुए। आरक्षित प्रवर्गों में से अनुसूचित जाति महिला के 541, अनुसूचित जनजाति महिला के 2085, अपिव महिला के 167 पद तथा अनारक्षित महिला के 1418 पद हेतु आरक्षण किया गया।

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव में129 युवाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**बीजापुर 10 जनवरी ।** जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 08 जनवरी को बीजापुर स्थित ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ जिसमें जिले के कुल 129 युवाओं ने सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता, विजान मेला एवं हस्तशिल्प जैसे 13 इवेंट में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतिम रूप से 37 युवाओं का राज्य स्तर पर चयन हुआ जो 12 से 14 जनवरी तक रायपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

युवा महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐ कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने युवाओं को प्रोत्साहित कर उनका उत्साहवर्धन किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। पार्षद घासीराम नाग ने युवाओं को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पाराव ने बीजापुर के युवाओं में अदभुत क्षमता को बताते हुए उपस्थित युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने, कड़ी मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### सड़क सुरक्षा माह में लोगों को किया जागरूक

**बीजापुर,10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जैतालुर कोदई माता मेला में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत् पाम्पलेट पोस्टर के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजनयातायात पुलिस बीजापुर के द्वारा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के संदर्भ में दी गई जानकारीजिले में 35 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के निकटतम ग्राम जैतालूर में तीन दिवसीय कोदई माता मेला में स्टॉल लगाकर लोगों को यातायात जन जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ0 जितेंद्र यादव के निर्देशन एवं यातायात नोडल अधिकारी डीएसपी विनीत साहू के मार्गदर्शन में स्टॉल के माध्यम से यातायात प्रदर्शनी लगाई गई।प्रदर्शनी में मेले में आये लोगो को बॉडीवार्म कैमरा, ब्रिथएनालाइज़र आदि के बारे बताकर पाम्पलेट वितरण किया गया एवं समझाईश देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति सजग किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शराब पीकर वाहन न चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाईल का प्रयोग न करने, तेज गति से वाहन न चलाने की नागरिकों से अपील की गई। सभी लोग यातायात नियमों का पालन करेंगे तभी आवागमन सुचारू रूप से चलेगा। यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा अभियान सफल बनाने में सहयोग करने लोगो को प्रेरित किया गया।

### डिप्टी कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण



**बीजापुर,10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी ने धान खरीदी केन्द्र जांगला का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं केन्द्र में आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया, बारदाना, तौल मशीन का अवलोकन कर किसानों से आवश्यक चर्चा भी किए।इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ने निर्माणधीन अतिरिक्त कक्ष मंगलनार, तालनार एवं आत्मानंद विद्यालय का भी निरीक्षण किया। निर्माणधीन अतिरिक्त कक्ष एवं भवन का गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

# एनएसएस शिविर में बच्चों को गुड-टच एवं बैड-टच सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 10 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्रेन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा ग्राम मोहतरा में आयोजित सप्त दिवसीय एनएसएस शिविर में बाल विवाह मुक्त बलौदाबाजार, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया। सभी छात्राएं को गुड टच, बैड टच एवं अन्य कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। संरक्षण अधिकारी दीपक राय ने कैम्प के स्वयं सेवकों किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि बडो के लिए जैसे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएं लगती है वैसे ही बच्चों को सुधारने के लिए किशोर न्याय अधिनियम बना है। बच्चो संबंधी समस्त न्याय उपचार उसी में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार होता है। चाहे वह विधि विरुद्ध बच्चा हो या संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा। उन्होंने सभी बच्चों को बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम 2015 (संशोधित 2022), पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम निषेध अधिनियम 2009 आदि के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, गुड टच और बैड टच की पहचान, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, स्पॉन्सरशिप योजना, नशा उन्मूलन, घुमंतू बच्चों का पुनर्वास तथा अपशिष्ट संग्रहण में कार्यरत बच्चों के पुनर्वास के बारे में भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक, विधि के साथ संघर्षरत बालक, मिशन वात्सल्य योजना, तथा चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) की सेवाओं पर भी विशेष जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रोशनी लता देवांगन, जिला बाल संरक्षण इकाई संरक्षण अधिकारी दीपक राय, आउटरीच वर्कर श्रीमती अर्चना वैष्णव और चाइल्ड हेल्पलाइन केंद्र से समन्वयक श्रीमती रेखा शर्मा एवं काउंसलर श्रीमती गीता वर्मा उपस्थित थे।

## एक नजर

### एनएसएस इकाई-2 ने सावित्री बाई फुले जयंती मनाई



**कुरूद 10 जनवरी।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरुद में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई 2 के द्वारा महान समाज सुधारक एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सावित्री बाई फुले के जीवन परिचय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-02 की कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले ने सावित्रीबाई फुले के योगदान पर प्रकाश डाला और उनके सामाजिक सुधार के कार्यों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके द्वारा शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई-02 के स्वयंसेविका चुम्मेश्वरी, मनीषा, संगीता, एकता, अन्नपूर्णा, बिन्दु, वर्षा, आदि उपस्थित रहे।

### अंतर-विश्वविद्यालय जूडो प्रतियोगिता के लिए कुरूद महाविद्यालय के मुकेश एवं सत्यवती का चयन



**कुरूद 10 जनवरी।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड.- तृतीय सेमेस्टर की छात्र मुकेश कुमार निर्मलकर -66 कि.ग्रा., बीपीएड.- तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सत्यवती मरकाम -57 कि.ग्रा. का चयन आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी (गुरूनानक देव अमृतसर विश्वविद्यालय) जूडो प्रतियोगिता हेतु हुआ है। विदित हो कि 14.12.2024 को संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद (छ.ग.) में सेक्टरस्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों के टीमों ने भाग लिया था, जिसमें संत गुरू घासीदास शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल पर कब्जा करने के कारण उनका चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी दिनांक 31 दिसम्बर 2024 से 04 जनवरी 2025 तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.मिश्रा, क्रीड़ा प्रभारी श्री अमित टण्डन, क्रीड़ा सहायक श्रीमती शहनाज बेगम, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरि राम साहू, सुश्री चित्रमणी श्रीमाली, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एन.के.मेश्राम, श्री एम.एस.साहू, डॉ. आर.के.पाण्डेय, श्रीमती सरस्वती घृतलहरे, श्री बी.आर.देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण कुमार पटेल,, हित नारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश कुमार सोनकर, शिबा वंजारी, कृपा राम साहू, पवन ताम्रकार सुश्री रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, सुश्री लीना दिली, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नीलकंठ , एच.आर. उईके, तेजराम सिन्हा, वाय.आर.उईके, के.आर. डहरे, ढालू राम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रवि कुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं जनभागीदारी शिक्षक उपस्थित रहें एवं विजेता खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ठंड से बचाव के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर है अलाव की व्यवस्था

**धमतरी 10 जनवरी।** प्रदेश सहित जिले में भी लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नगरीय निकाय और बड़ी ग्राम पंचायतों और बस स्टैण्ड में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था करें। इसके साथ यदि कोई विक्षिप्त महिला अथवा पुरूष, जो बेघर घूम रहे हैं, तो उनको व्यवस्थित जगह पर रखने की भी व्यवस्था की जाए। उक्त निर्देश के परिपालन में नगरनिगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल के मार्गदर्शन में शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रैन बसेरा, घड़ी चौक में लगातार अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक जगहो एवं फुटपाथ पर सोने वाले और देर रात आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए भी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके अलावा ऐसे घुमंतू लोग जो कहीं-कहीं पर अपना जीवन यापन फुटपाथ आदि पर करते है, उनको भी चिह्नांकन किया जा रहा है, ताकि उनको ठंड से बचाया जा सके। नगर निगम आयुक्त ने ऐसे लोगों के लिए समाजसेवी संस्थाओं व संगठन को भी मदद के लिए आगे आने की अपील की है।

### जिले में अब तक 10 हजार से अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन

**धमतरी 10 जनवरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में आयुष्मान वय वंदना योजनांतर्गत धमतरी जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत, वार्ड में अलग-अलग तिथि में अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्ड पंजीयन शिविर आयोजित जा रहा है। इसके अलावा ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो चलफिर नहीं सकते, उनके घरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पहुंचकर पंजीयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन कुरूद विकासखण्ड के ग्राम बंगोली की 80 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक श्रीमती घासनीन बाई, जो कि विगत कुछ दिनों से बीमार होने के कारण चल-फिर नहीं सक रहीं हैं और बीमारी से ग्रसित है, उनके घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया गया एवं योजना से मिलने वाले निःशुल्क उपचार लाभ के बारे में अवगत कराया गया। गौरतलब है कि जिले में अब तक 10 हजार 41 आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जा चुका है।

## सरपंच पद से पदच्युत करने की मंशा से प्रताड़ित करने का मामला

# जिले के उच्च अधिकारियों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि को राजनीतिक दबाव में पदच्युत करने साजिश करने का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिर्री 10 जनवरी।** धमतरी जिला अंतर्गत कुरूद अनुविभाग में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी पर जिले के उच्च अधिकारियों के द्वारा राजनीतिक दबाव में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आम मतदाताओं के द्वारा चुने हुए एक जनहितैषी, लोकप्रिय पति-पत्नी को लगातार बारी बारी से चार पंचवर्षीय प्रतिनिधित्व दिए जाने से खुन्नस निकालने के नियत से साजिश के तहत नियम विपरीत बार-बार सरपंच पद से पदच्युत करने की मंशा से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। उक्त बातें ग्राम दहदहा सरपंच डीलन चंद्राकर ने अपने निवास स्थान में प्रेस वार्ता में कही।

अवगत हो कि ग्राम दहदहा सरपंच डीलन चंद्राकर की काबिलियत को देखते हुए इन्हें कुरूद ब्लाक के समस्त निर्वाचित सरपंचों ने सरपंच संघ ब्लाक कुरूद का अध्यक्ष भी बनाया है। चंद्राकर दंपति की लोकप्रियता कुछ असामाजिक तत्वों को हजम नहीं हो पा रहा है, फलस्वरूप अपनी नाकामी एवं अलोकप्रियता की खीझ (भड़ास) निकालते हुए इस लोकप्रिय, जनहितैषी जनप्रतिनिधि के खिलाफ झूठा शिकायत कर प्रताड़ित करने की साजिश किए जाने का लगातार सिलसिला जारी है। गौर करने वाली बात है कि विगत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी करारी हार से बौखलाए थानेश्वर साहू विगत वर्षों में सरपंच डीलन चंद्राकर के खिलाफ बार-बार झूठा शिकायत करते आ रहा है। फलस्वरूप कभी जनपद स्तरीय तो कभी जिला स्तरीय जांच करवाई जा रही है जिसके तहत लोकप्रिय सरपंच डीलन चंद्राकर के खिलाफ विगत डेढ़ वर्ष के अंदर चार बार धारा 40 का प्रकरण पंजीबद किया जा चुका है। शिकायतकर्ता ने प्रकरण क्रमांक 202309130900003 वर्ष 2022-23 में मनरेगा में मजदूरी भुगतान संबंधी झूठा शिकायत किया गया था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय में WPC क्रमांक 3780/2023 के अंतर्गत स्थगन हुआ था। फिर भी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा उच्च अधिकारियों के दबाव में आकर उच्च न्यायालय के आदेशों का अवमानना करते हुए प्रकरण चलाया ही जा रहा था। हालांकि अब उक्त मामले में सरपंच डीलन चंद्राकर को निर्दोष साबित करते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया है।

> सुश्री रोमा श्रीवास्तव सीईओ जिला पंचायत धमतरी का कहना है धारा 40 एसडीएम का काम है मेरा काम नहीं है।
> **जिला पंचायत सीईओ**
>
> डीडी मंडावी एसडीएम कुरूद फोन स्वीकार नहीं किया।
> **एसडीएम कुरूद**

## समाचार संक्षेप

### सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट वितरण

**भखारा 10 जनवरी।** शहरी कार्य तथा समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से देश के नगरीय निकायों में नमस्ते योजना का संचालन किया जा रहा है जिसमें नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार छत्तीसगढ़ में राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा सुरक्षित व सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों में प्रदान करने सीवर एवं सेप्टिक टेंक कर सफाई करने वाले कर्मचारियों को पीपीई किट प्रदान किया जा रहा है। देश के हित में कार्य कर रहे सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके परिजनो का कल्याण सरकार का दायित्व है सभी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों को अपनी आत्म सुरक्षा के लिए जागरूकता बनाने के लिए सरकार द्वारा पीपीई फिट का वितरण किया जा रहा है जिसके तहत नगर पंचायत भखारा के 3 सेप्टिक टेंक सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट के साथ गमबूट, हेलमेट,ग्लब्स,मास्क और आंखो की सुरक्षा के लिए चश्मा का वितरण मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष कुमार विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि नमस्ते योजना का मुख्य उद्देश्य हाथ से मैला ढोने की प्रथा को पूर्णतः समाप्त करना,स्वच्छता कार्यों का यंत्रीकरण करना है जिससे कर्मचारियों में सुरक्षित कार्य का वातावरण निर्मित किया जा सके।



# कलेक्टर ने किया कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 10 जनवरी।** गुड गवर्नेन्स के लिए समय पर अधिकारी कर्मचारियों का कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य संपादन करने कलेक्टर श्री दीपक सोनी द्वारा निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के अनुपालना की हकीकत जानने कलेक्टर श्री सोनी ने गुरुवार को कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले जिसमें 7 अधिकारी- कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसमें से कार्यालयीन कार्य से फील्ड दौरे पर गए उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, सहायक मत्स्य अधिकारी को लाईव लोकेशन भेजने तथा अनुपस्थित शेष 5 अधिकारी -कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्धारित समय प्रातः 10 बजे कार्यालय पहुंचने व लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान खाद्य शाखा, महिला एवं बाला विकास विभाग,खनिज शाखा, आबकारी विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथ करघा, अंत्यावसायी, आयुष, नगर तथा ग्राम निवेश, आर्थिक योजना एवं सांख्यियकी, श्रम, आदिवासी विकास, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, ट्रेजरी,समाज समाज कल्याण,भू अभिलेख, वित्त लिपिक, शिकायत शाखा, नाजिर आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया और उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों में सहायक जिला महिला बाल विकास अधिकारी, प्रभारी प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यवसायी,उद्यानिकी विभाग मोनिका सहायक ग्रेड 3, खाद्य शाखा कम्प्यूटर ऑपरेटर मोती लाल वर्मा शामिल हैं।

## भागवत कथा में भगवान श्री राम-कृष्ण नाम जप को आधार बताया

**राजनांदगांव 10 जनवरी।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में भागवताचार्य श्री रमेश आनंद जी महाराज डोंगरगढ़ ने व्यासपीठ से कलयुग में भगवान श्री राम कृष्ण जी नाम जप महिमा को विस्तार से कथा में बताया। भक्तों को 06 जनवरी 2025 से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित बाईसाहब राधाकृष्ण मंदिर छुईखदान में संगीत मय भागवत कथा में गौकर्ण महात्म्य, परीक्षित जन्म , ध्रुव -भरत प्रहलाद चरित्र, वामनावतार, समुद्र मंथन, राम जन्म कृष्ण जन्म कथा दर्शन को सरल भाषा में विस्तार पूर्वक बताते हुए नृत्य एवं झांकियों के माध्यम से प्रस्तुति हुई। परीक्षित रुप में शशिप्रभा मुकेश वैष्णव ने जानकारी दी कि व्यासपीठ पर भागवताचार्य श्री रमेश आनंद जी को वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव एवं लतारानी वैष्णव राजा परिवार ने शाल श्रीफल भेंटकर भागवताचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। 10 जनवरी 2025 को भगवान के बाल लीला,माखन चोरी, गोवर्धन पूजा 11 को रासलीला, रुक्मिणी विवाह,12 को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष एवं 13 को भागवत गीता, तुलसी वर्षा आदि आयोजित होंगे। राजकुमार वैष्णव सदाबहार ने भक्त जन से अधिक संख्या में भागवत कथा श्रवण हेतु उपस्थिति की अपील किया है।

# आरक्षण होते ही राजनैतिक दलों की बैठक का दौर शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भखारा 10 जनवरी।** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव का आरक्षण होते ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।चुनाव लड़ने के लिए राजनैतिक दलों में इच्छुक दावेदारों की होड़ मची हुई है आरक्षण होते ही कई दावेदार खुलकर अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे है तो कई दावेदार समय का इंतजार कर रहे है और मौका पर चौंका लगाने की तैयारी कर रहे है। बता दें कि नगर पंचायत भखारा अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित हुआ है जिससे महिला वर्ग बेहद उत्साहित है और अपनी दावेदारी के लिए कतार में लगी हुई है ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में नगर पंचायत की कमान महिला अध्यक्ष पुष्पलता रामगोपाल देवांगन ने संभाली थी।और एक बार फिर से महिला आरक्षण की बदौलत नगर पंचायत भखारा की कमान महिला अध्यक्ष ही संभालेंगी।प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा कांग्रेस में महिला दावेदारों की भाग दौड़ का सिलसिला शुरू हो गया है कोई खुलकर अपनी दावेदारी कर रहे है तो किसी का नाम धीरे-धीरे उभर रहा है। वहीं महिला दावेदारों को लेकर नगरवासियों में चल रही चर्चा के मुताबिक इस बार नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की ओर से भारती साहू,हिना गोस्वामी,पुष्पलता देवांगन,ज्योति जैन,सुशीला निर्मलकर,कृष्णासाहू की नाम प्रमुखता से चल रहा हैं।तो दूसरी ओर कांग्रेस से दीपिका नाहर,अलका जैन,संतोषी निषाद,प्रेमा बाई साहू,गीतांजलि साहू,भीखमा साहू,चुनेश्वरी साहू की नाम पर प्रमुखता से चर्चा हो रहा है।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों प्रमुख राजनैतिक दल किसे अपना प्रत्याशी घोषित करता है और भखारा-भठेली के नगरवासी किसको भखारा के राजगद्दी पर विराजमान करती है यह तो आने वाला समय ही तय करेगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

फार्म - अ

सार्वजनिक सूचना

(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक टोमेश्वर सिंह आ. स्व. श्री जे.एल. यादव, आयु 33 वर्ष, जाति राऊत, निवासी ग्राम नारागांव, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका नेहा आ. श्री कली राम यादव, जाति राउत, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कन्हारपुरी, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत् पुष्टिकरण के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत् पुष्टिकरण के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15/01/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

अगामी तिथि 15/01/2025

आज दिनांक 26/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

### सृष्टि के प्रथम पत्रकार नारद को केवल देवर्षि की उपाधि है, फिल्मों ने बिगाड़ा उनका स्वरूप:बालयोगी अरोड़ा



**भाटापारा 10 जनवरी।** नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। संत बालयोगी का दर्जा प्राप्त कथावाचक पूज्य बालयोगी विष्णु अरोड़ा के द्वारा कथा गंगा प्रवाहित हो रही है। भाटापारा के बुद्धिजीवी पत्रकारों के साथ सतीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के निवास पर प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। कथावाचक अरोड़ा ने अपने कथा में संगीत का प्रयोग नही करने पर बताया कि संगीत कथाओ के उद्येश्यों को भटकाती है। संगीत का महत्व भजन के अंदर लेकिन कथाओं के लिए संगीत निराधार है, कथाओं में सगीत को मिश्रण मनोरंजन का साधन है। शास्त्रो में भागवत का समय और पक्ष तय है, लेकिन व्यक्तिगत कामनाओं की पूर्ति में इसका महत्व बढ़ जाता है लेकिन सार्वजनिक आयोजनो में जनकल्याण के लिए इसे व्यवस्थित करना पड़ता है। शास्त्रों में ऊंच-नीच की भावनाए नही है उसमें कर्मानुसार वर्ण व्यवस्था का उल्लेख मिलता है। पत्रकारों के इष्ट देवता नारद स्वरूप को हास्यात्मक, व्यग्यांत्मक एवं झगड़ा कराने वाला बनाने का खराब काम फिल्मो और समाज को तोड़ने वाली असामाजिक शक्तियों ने किया है, नारदजी के वृहद चरित्र को कोई समझ नही पाया बस ये समझ लिजिए की देवताओ के ऋषि की उपाधि केवल एक नारद जी को प्राप्त है जिन्हे देवर्षि कहा जाता है।

### पांडरवानी में विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**मोहला 10 जनवरी।** 02 दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता विकासखंड मोहला के ग्राम पांडरवानी ग्राम पंचायत मरकाटोला में आयोजित किया गया। जिसका समापन गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री राजेंद्र कुमार देवांगन ने जानकारी दिया कि कल 8 जोन के लगभग 960 प्रतिभागी बच्चे विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिसमें प्राथमिक विभाग में 5 एकल एवं 2 सामूहिक विधा तथा माध्यमिक विभाग में 6 एकल एवं 3 सामूहिक विधाएं शामिल थी। प्राथमिक विभाग में गोटाटोला जोन एवं माध्यमिक विभाग में वासडी जोन ओवरऑल चैंपियन रहे। इसी प्रकार कुमारी नेहा पाटनवाड़वी एवं नीरज कुमार रेंगाकठेरा माध्यमिक विभाग के चैंपियन खिलाड़ी तथा मनोज कुमार सुवरबोड प्राथमिक विभाग से चैंपियन खिलाड़ी चयनित हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से सभी ने ग्राम पांडरवानी के ग्रामीण के विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अवगत हो कि दो दिवस तक ग्रामीणों ने प्रतिभागी बच्चों को निशुल्क भोजन एवं आवास सुविधा दिया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय विधायक श्री इंद्र शाह मंडावी, जनप्रतिनिधिगण अमित श्रीवास्तव, कुमार कोरेटी, दिनेश शाह, मनोज नेताम, देव प्रसाद नेताम, सदानंद तारम, वीर नारायण, भूपेंद्र सोरी व अन्य ग्राम प्रमुख शामिल हुए।

# शिविर में महिलाओं को कई विषयों पर जागरूक किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 10 जनवरी।** पीटेपानी महिलाओं एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग डोंगरगढ़ द्वारा परिक्षेत्र बागरेकसा के ग्राम पीटेपानी में महिला जागृति शिविर एवं मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजनाअन्तर्गत स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम की सरपंच श्रीमती तिज्या बाई वर्मा के करकमलों से माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। शिविर में महिलाओं एवं बच्चों के लिए मटका फोड़, कुर्सीदौड़, बैलून फलाओं एवं प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजना किया गया एवं विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्रीमती भुनेश्वरी साहू बिन्दा बाई. मीन बाई, तुलसी, वेदिका, दिशा, रवनी, रितिका एवं योगेश्वरी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आगंनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भुनेश्वरी साहू, श्रीमती राजेकर निषाद एवं श्रीमती सुकमा नेताम तथा सहायिका श्रीमती त्रिलोका साहू को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया ग्राम पीटेपानी की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुन्दर एवं भावभिनी प्रस्तुती की गई पर्यवेक्षक श्रीमती लक्ष्मी सोनकार द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सुश्री इन्द्रानी निर्मलकर द्वारा जन-समुह को बाल विवाह प्रतिषेध पर शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में गोदभराई एवं अन्नप्रासन का आयोजन कर नैनिहालों एवं गर्भवती माताओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी गई, एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा भेंट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी सुश्री के. सरोजा अयंगार द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोनिका सुखतेल द्वारा किया गया। आयोजन के उपरान्त समस्त उपस्थित अतिथितियों एवं प्रतिभागियों तथा गणमान्य नागरिकों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव**
**जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)**

(Phone no. 07786-296071, Email id - eekon-phe-cg@gov.in)

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

कार्य का नामः- जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्व प्रस्तावित एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना का कार्य।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | ग्राम का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 29/07.01.2025 | 164030 | छोटेभिरावण्ड | 13.35 |
| 02 | 30/07.01.2025 | 164031 | आलमेर | 26.83 |
| 03 | 31/07.01.2025 | 164032 | हिरावण्डी | 21.08 |
| 02 | 32/07.01.2025 | 164034 | कोहकाड़ी | 27.97 |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट बेव पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://phedcegprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 23.01.2025 है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**कोण्डागांव (छ.ग.)**

जी- 242505216/4

## एक नजर

### लोहे के गत्ता से युवक पर हमला

रायपुर, 10 जनवरी। ग्राम तामासिवनी में जमीन हड़पने की विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक पर लोहे की गत्ता से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तामासिवनी निवासी शेषनारायण साहू 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी योगेश कुमार साहू ने पैतृक जमीन के विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर लोहे के गत्ते से प्रार्थी पर हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित 4 लाख का माल पार

रायपुर, 10 जनवरी। हर्ष विहार दलदल सिवनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर



ने नकदी डेढ़ लाख सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बी.पी. बंजारे 66 वर्ष हर्ष विहार दलदल सिवनी का रहने वाला है। प्रार्थी ने मोवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 4 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निलंबित कर्मचारी ने किया 19 लाख से अधिक का गबन

रायपुर, 10 जनवरी। संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं नवा रायपुर में एक निलंबित कर्मचारी ने 19 लाख से अधिक का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयंति सिंह 61 वर्ष ने ने राखी थाना में शिकायत किया कि आरोपी डॉ. राजेश डेमन ने संचानलाय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं में बीमा चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत था। इस दौरान आरोपी ने 19 लाख 20 हजार रुपए सेल्फ चेक के माध्यम से तीन बार आहरण कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर, 10 जनवरी। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हथबंद निवासी ओमकार यदु 25 वर्ष ने नेवरा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 22 डब्लू 6884 को तिल्दा मार्केट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम खेली निवासी भीषम 24 वर्ष ने गोबरानवापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 23 एन 0568 को दम्मानी पेट्रोल पंप के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 46 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर, 10 जनवरी। गोलबाजार पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस को सूचना मिली कि लोहार गली पुराना चीरघर के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी पियूष बघेल 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए शीघ्र होगी तिथि की घोषणा

## जल्द ही बुलाई जाएगी एसपी-कलेक्टर की बैठक, 16 को आचार संहिता घोषित होने की संभावना

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 10 जनवरी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शीघ्र ही चुनाव की तिथियां घोषित कर दी जाएगी। इसके पूर्व कलेक्टर और एसपी की बैठक ली जाएगी जिसमें कानून व्यवस्था एवं चुनावी तैयारियों के संबंध में व्यापक जानकारी लेने के बाद ही 16 जनवरी के आसपास आचार संहिता लागू कर दी जाएगी।

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव आगामी फरवरी माह में करा दिए जाएंगे। इसके लिए आयोग संभागवार संभागायुक्त, डीआईजी एवं जिलेभर में कलेक्टर, एसपी एवं स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों की निरंतर बैठक ले रहा है। आयोग के मास्टर ट्रेनर्स भी विधिवित प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रदेश में कुल 192 नगरीय निकाय हैं। इनमें कुछ नगरीय निकायों के चुनाव फिलहाल नहीं होंगे। चूंकि मामला हाईकोर्ट में चला गया है लेकिन चुनावी तैयारी पूरी कर ली गई है।

राज्य के सिर्फ 10 नगर निगमों में ही चुनाव होगा। महापौर और पार्षदों के लिए संवर्गवार आरक्षण की घोषणा कर दी गई है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर दिया गया है। 15 फरवरी को इसका अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। इसके पश्चात आचार संहिता लागू कर दी जाएगी।




### राजनीतिक दांव-पेंच शुरू

भाजपा के कोरग्रुप की बैठक में महापौर पद के प्रत्याशी एवं पार्षद पद के प्रत्याशी के चयन के लिए अलग-अलग समितियां बना दी गई है। शासन द्वारा नगरीय निकायों को एक बड़ी राशि दे दी गई है। नगर निगम रायपुर द्वारा विभिन्न वार्डों में डामरीकरण, नाली निर्माण एवं अवैध कब्जा हटाओ अभियान जोरों से चल रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता के अनुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से बायोडाटा मंगाया जा रहा है। संभागवार व जिलेवार अलग-अलग समितियां गठित कर ली गई है। पार्षद चुनाव में व्यक्तिगत छवि, वार्डों में प्रभाव का असर दिखाई पड़ता है इसलिए दोनों दलों के महत्वाकांक्षी नेता एवं पूर्व पार्षदों के पत्नियों के भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की चर्चा है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मांगा सहयोग

सरकार द्वारा नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराए जाने की घोषणा की गई है लेकिन आवश्यकता पड़ने पर ईवीएम की भी वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए आयोग ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। लेकिन पार्षद चुनाव में प्रत्येक वार्ड में 20 से अधिक प्रत्याशी खड़े हो जाते हैं जबकि ईवीएम अलग व्यवस्था है। फिलहाल आयोग द्वारा मतदान करने के लिए कम्पार्टमेंट बॉक्स, स्याही एवं अन्य व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया है। इसके लिए नाम मात्र शुल्क लिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार सभी जिलों में मतदान करने के लिए कम्पार्टमेंट बॉक्स उपलब्ध हैं जिनकी संख्या 28 हजार है। आयोग के अनुसार पहले नगरीय निकाय चुनाव होंगे उसके पश्चात पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। आयोग के अनुसार 16 फरवरी अंतिम तारीख रखी जाएगी। इस तिथि में पार्षद और महापौर का चुनाव करा लिया जाएगा। नामांकन भरने सहित अन्य व्यवस्था के लिए आचार संहिता के साथ घोषणा कर दी जाएगी।

# शराब नीति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन के आसार नहीं

■ नए वित्तीय वर्ष में भी देशी-विदेशी मदिरा समूहों का संचालन करेगी सरकार

■ मुख्य नगर संवाददाता



रायपुर, 10 जनवरी। प्रदेश में आबकारी नीति में कोई महत्वपूर्ण संशोधन होने के आसार नहीं है। देशी एवं विदेशी मदिरा समूहों की दुकानों का संचालन सरकार द्वारा ही किया जाएगा। 31 मार्च के पश्चात विभिन्न श्रेणियों के बार लाइसेंस एवं असावनी पर भी टैक्स बढ़ाए जाने की तैयारी चल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार आबकारी ठेका प्रतिवर्ष 31 मार्च को समाप्त हो जाता है। इसके लिए सरकार को नई नीति की घोषणा करनी पड़ती है। आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष में भी सरकार द्वारा ही शराब दुकानों का संचालन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा जब से इन दुकानों का संचालन किया जा रहा है, आए दिन दुकानों में वित्तीय घोटाला, नकली एवं घटिया शराब मिलने की शिकायतें मिल रही है। राज्य में शराब को दो कैटेगरी लोवर एवं प्रीमियम रेंज में रखा गया है। लोवर रेंज में गोवा, शोले सहित अन्य शराबों को रखा गया है जिनकी कीमत काफी कम है। उच्च गुणवत्ता वाली शराबों की कीमत इस समय बहुत ज्यादा हो गई है। इसके कारण मदिरा प्रेमी परेशान हैं। राज्य में प्रतिवर्ष 11 हजार करोड़ की शराब बिकती है। इसके लिए राज्य में करीब 900 दुकानों का संचालन किया जाता है।

आबकारी विभाग द्वारा शराब नीति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा। इसके कारण ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन द्वारा शराब खरीदी जाएगी। इसका विक्रय का काम मार्केटिंग कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है। इस समय शराब दुकानों का संचालन एक प्लेसमेंट कंपनी को दे दिया गया है। वहीं वित्तीय लेन-देन के लिए भी अलग कंपनियों को ठेका दिया गया है जिसके कारण आए दिन दुकानों में घाटा होता है। सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। पिछली सरकार में होलोग्राम से लेकर अन्य कार्यों में हुई गड़बड़ियों के कारण 2000 करोड़ के राजस्व का घाटा हुआ है। राज्य के पूर्व शराब ठेकेदारों का कहना है कि प्रदेश में राजस्व बढ़ाने के लिए ठेका पद्धति शुरू कर देना चाहिए जिसके कारण सरकार को अच्छे राजस्व की प्राप्ति होगी। आए दिन शराब भट्ठियों में होने वाले मारपीट एवं गुंडागर्दी से भी मुक्ति मिल जाएगी।

# मोवा ओवरब्रिज डामरीकरण घोटाला भाजपा के भ्रष्टाचार का आईना: कांग्रेस

रायपुर, 10 जनवरी। मोवा ओवरब्रिज के नये डामर की पर्तो को एक दिन में ही उधड़ने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हयु प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का उदाहरण है। राजधानी के मोवा के ओवरब्रिज में 5 दिनों तक यातायात रोककर डामरीकरण किया गया था। आज फिर से डामर उखड़ना चालू हो गया है। यह भाजपा के भ्रष्टाचार का उदाहरण है। सूचना जारी किया गया था कि 5 दिन के लिये ओवरब्रीज को बंद किया जा रहा है। 5 दिन में कार्य पूरा हो जायेगा। 5 दिनों तक लाखो लोग घंटों जाम से परेशान रहे, जब काम पूरा हुआ तो पता चला वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। डामर, गिट्टी अलग-अलग हो गयी दुपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे थे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज जब



भ्रष्टाचार की पर्ते खुल रही है, डामर उखड़ रहा है, तब सरकार की तरफ से विज्ञप्ति जारी किया गया है, अभी काम पूरा नही हुआ है, जहां डामर उखड़ रहा है, वहां फिर से मरम्मत किया जायेगा। लेकिन सरकार की तरफ से यह नहीं कहा गया कि सड़क की गड़बड़ी की जांच करवाई जायेगी इसका मतलब ठेकेदार की गड़बड़ी को सरकार का संरक्षण है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में जहां भी नये निर्माण कार्य हो रहे है वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है, बस्तर से लेकर सरगुजा और राजधानी में सरकारी निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार हावी है। सड़कें बनती नहीं है उखड़ जा रही है। भाजपा के भ्रष्टाचार के कारण सड़क निर्माण में हुई गड़बड़ी के कारण बीजापुर में मुकेश चंद्रकार की हत्या हुई थी। फिर वही मंजर राजधानी में देखने का मिल रहा है। भाजपा सरकार ने उस खौफनाक घटना से सबक नही लिया। 120 करोड़ की सड़क बिना निर्माण के 90 प्रतिशत भुगतान कर जाता है। पूल का बिना डीपीआर बिना टेंडर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए काम शुरू करवा देते हैं। पूरा प्रदेश ने 15 साल के भाजपा शासन काल को देखा है, जब पीडब्ल्यूडी विभाग भ्रष्टाचार की सबसे बड़ा विभाग था, उस दौरान राजधानी में 463 करोड़ रुपए एक्सप्रेस-वे बनाया गया था जो उद्घाटन के पहले भषकना शुरू हो गया था, जिसे कांग्रेस की सरकार ने दोबारा निर्माण कराया। स्काई वॉक भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार की स्मारक बन गई है। 1 साल के भीतर भाजपा की सरकार ने कई सारे निर्माण कार्य सिर्फ फाइलों में करवाये है जिसकी जांच होनी चाहिए।

# सांकरदाहरा छग का दूसरा राजिम

## तीन नदियों के संगम और आध्यात्मिक धरोहर का केंद्र

रायपुर, 10 जनवरी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखंड में स्थित प्रसिद्ध सांकरदाहरा, आज न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल बन चुका है, बल्कि इसे छत्तीसगढ़ का दूसरा राजिम भी कहा जाने लगा है। शिवनाथ, डालाकस और कुरूनाला नदियों के संगम पर स्थित यह स्थान, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

सांकरदाहरा में शिवनाथ नदी के संगम के साथ डालाकस और कुरू नाला नदियां मिलती हैं। यहां नदी तीन धाराओं में बंट जाती है और फिर सांकरदाहरा के नीचे आपस में मिलती हैं। इस संगम पर स्थित मंदिर और नदी तट पर बनी भगवान शंकर की 32 फीट ऊंची विशालकाय मूर्ति हर आने वाले को मंत्रमुग्ध कर देती है। मंदिर का रमणीय दृश्य और नौका विहार की सुविधा इस स्थल को और भी खास बनाती है।

सांकरदाहरा में हर वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य मेला लगता है। यहां न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों की अस्थि विसर्जन, मुण्डन और पिंडदान के लिए आते हैं। सांकरदाहरा के मंदिर परिसर में अनेक देवी-देवताओं के मंदिर हैं। नदी के बीचों-बीच शिवलिंग की स्थापना सांकरदाहरा विकास समिति द्वारा की गई है। इसके अलावा सातबहिनी महामाया देवी, अन्नपूर्णा देवी, संकट मोचन भगवान, मां भक्त कर्मा, मां शाकंभरी देवी, राधाकृष्ण, भगवान बुद्ध, दुर्गा माता और अन्य देवी-देवताओं के मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था के केंद्र हैं। इन मंदिरों को ग्राम देवरी के ग्रामीणों के सहयोग से स्थापित किया गया है। सांकरदाहरा के नामकरण के पीछे कई लोक कथाएं प्रचलित हैं। मान्यता है कि नदी के मध्य स्थित गुफा में शतबहनी देवी का निवास है। यह गुफा दो चट्टानों के बीच स्थित दाहरा (गहरा जलभराव) में है। कहा जाता है कि इस क्षेत्र में लोहे के सांकर (लोहे का सामान) का बार-बार अदृश्य होना और चट्टान के पास पुनः प्रकट होना, इस स्थान के नामकरण का आधार बना। यह स्थान कई अद्भुत घटनाओं का भी साक्षी है। वर्ष 1950 की एक घटना आज भी जनमानस के बीच प्रचलित है।

# केन्द्रीय और राज्य पूल में 125 लाख मीट्रिक टन धान का होगा निष्पादन

रायपुर, 10 जनवरी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में आज महानदी भवन मंत्रालय में मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा अनुमानित 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान के शत-प्रतिशत निष्पादन के लिए मंथन किया गया। केन्द्रीय और राज्य पूल में 125 लाख मीट्रिक टन धान का निष्पादन हो सकेगा। लगभग अतिशेष 40 लाख मीट्रिक टन धान के नीलामी के लिए निविदा प्रक्रिया पर गहन रूप से विचार-विमर्श किया गया। धान खरीदी के पश्चात माह फरवरी के दूसरे सप्ताह में नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय पर सहमति



बनी है। अंतिम निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में तय होगी। मंत्रिमंडलीय उप समिति के सदस्यों ने शत-प्रतिशत धान के निराकरण हेतु अपने-अपने सुझाव भी दिए। गौरतलब है कि प्रदेश में इस खरीफ विपणन वर्ष में लगभग 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन संभावित है। इस खरीफ विपणन वर्ष में भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रीय पूल में चावल जमा लक्ष्य (70 लाख मीट्रिक टन) एवं नागरिक आपूर्ति निगम के राज्य पूल लक्ष्य में (14 लाख मीट्रिक टन) से लगभग 125 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण संभव होगा। वहीं लगभग 40 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण शेष रहेगा। जिसकी नीलामी कर निराकरण किया जाना है। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था, कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव, किसानों के लिए पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था, टोकन की स्थिति सहित विभिन्न किसान हित से जुड़े मुद्दे की समीक्षा की गई।

**श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में गैर मान्यता प्राप्त कोर्स के संचालन के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन**

# फर्जी कोर्स संचालन : एनएसयूआई ने घेरा रावतपुरा विश्वविद्यालय

रायपुर, 10 जनवरी। श्री रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय में सैकड़ो छात्र गैरमान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम के संचालन के विरोध में जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के नेतृत्व में मान्यता की मांग को लेकर मोर्चा खोला दिया एनएसयूआई जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि श्री रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय में बीएमएलटी/डीएमएलटी तथा डायलिसिस तथा ऑप्टोमेट्री कोर्स में सैकड़ो छात्र छात्राओं को एडमिशन लिया गया है जिसमे से लगभग 60 छात्र छात्राएँ अपना कोर्स पूरा कर चुके हैं किंतु जब वह राज्य के पैरामेडिकल काउंसिल में अपने रजिस्ट्रेशन के लिए जाते है तो उन्हें गैरमान्यता प्राप्त विश्विद्यालय से कोर्स करने का वजह देकर रजिस्ट्रेशन देने से मना कर दिया जाता है जिसके चलते सैकड़ो छात्र सरकार द्वारा जारी विभिन्न वेकन्सी से वंचित हो रहे है साथ ही साथ प्रशांत गोस्वामी ने बताया की वर्तमान में श्री रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय को कोर्स के संचालन हेतु आवश्यक छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से रजिट्रेशन प्राप्त नहीं है तथा उक्त कोर्स के संचालन के लिए आवश्यक छत्तीसगढ़ राज्य




पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा एनओसी भी प्राप्त नहीं है जो सैकड़ो छात्रो के साथ धोका है!

प्रशांत गोस्वामी ने रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय के रजिस्ट्रार से बात करते हुए बताया की एनएसयूआई विश्विद्यालय को एक हफ्ते का समय देती है की उक्त कोर्स के संचालन के लिए आवश्यक सरकारी दस्तावेज तथा मान्यता की कॉपी उपलब्ध कराए अन्यथा एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष शिवांक सिंह, प्रशांत चंद्राकर, जिला महासचिव भूपेंद्र साहू, दिव्यांश श्रीवास्तव, विवेक जोशी, हर्षित शिवेंद्र एवं सैकड़ो छात्र मौजूद थे।

# दिव्यांगों का राज्य स्तरीय नि:शुल्क सामूहिक विवाह 16 फरवरी को

■ सभी जाति व धर्म के विकलांग जोड़े, आशीर्वाद भवन में होगा मुख्य समारोह

रायपुर, 10 जनवरी। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की आशीर्वाद भवन बैरनबाजार में हुई संयुक्त बैठक में विकलांगों के 15 वें राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह के लिए विविध कार्यक्रम और व्यवस्था समितियां बनाकर सेवाभावियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस बैठक में पूरे प्रांत से बड़ी संख्या में परिषद समेत अन्य संगठनों के सदस्यों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए सामूहिक विवाह समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि 15 व 16 फरवरी को आशीर्वाद भवन में आयोजित किए जा रहे इस विवाह के लिए अब तक लगभग 20 जोड़े तय हो चुके हैं और 10 फरवरी तक और भी जोड़े तय हो जाएंगे। सहसंयोजक घनश्याम पोद्दार प्रांतीय कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने आह्वान कर कहा कि किसी भी सेवा कार्य में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी, सभी कार्यकर्ता अपने- अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें ताकि ज्यादा से ज्यादा विकलांग जोड़े इस सामूहिक विवाह में सम्मिलित हों।



इसी कड़ी में राष्ट्रीय संयोजक व कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक वीरेन्द्र पांडे ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते कहा कि जिस कार्यक्रम में कार्यकर्ता अपना कार्य पूरे समर्पण से करते हैं।

**पंजीयन व्यवस्था समिति:** कार्यक्रम के सहसंयोजक श्रीमती अनुराधा दुबे व डी एस कुशवाह ने सदस्यों से इस आयोजन के लिए तन-मन और धन से जुड़ने का आग्रह करते हुए विभिन्न कमेटियां से कार्य करने पर जोर दिया जिसमें प्रमुख कार्य पंजीयन व्यवस्था का प्रभार सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम से अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार, दीपक अग्रवाल, पारस सोनी की टीम व नवीन भूषणिया, अजय शर्मा, कमल गुप्ता संतोष बजाज, पवन सोनी, अजय यदु सहित संस्कार भारती के सुधाकर कोंडापुरकर, दीपक अग्रवाल, पारस सोनी को सौंपा गया।

भोजन व्यवस्था कमल बैद, श्याम शर्मा, संतोष बजाज सुभाष अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राजू अग्रवाल, योगेश शर्मा रवि शर्मा, हरिकिशन शर्मा, विनोद सेन, तरुण शर्मा विमल शुक्ला सहित अन्य सदस्यों को दी गई। वैवाहिक विधि का कार्य आर्य समाज के प्रमुख आचार्य अंशुदेव, एवं 25 सदस्यों की टीम द्वारा किया जाएगा। सभी जाति व धम के अनुसार विवाह विधि सम्पन्न कराई जाएगी। 14 फरवरी से जो भी विकलांग भाई-बहन और उनके परिवार जनों के ठहरने की व्यवस्था कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के सदस्यों द्वारा भवन में ही की जाएगी। 16 फरवरी को सुबह 10 बजे सामूहिक विवाह के कार्यक्रम होने के बाद शाम 4 बजे आशीर्वाद समारोह प्रारंभ होगा। नवविवाहित जोड़ों के लिए 50,000 से एक लाख प्रोत्साहन राशि का प्रावधान रखा गया है।

# राजधानी में दो पक्षों के बीच चाकूबाजी, 2 युवक गंभीर

रायपुर, 10 जनवरी। राजधानी में चाकूबाजी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर राजधानी में देर रात गैंगवार हुआ है। दो पक्षों के बीच हुई खूनी लड़ाई में जमकर चाकूबाजी भी हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के एक-एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला आज़ाद चौक थाना क्षेत्र का है। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ। यह विवाद इतना बढ़ा की बात चाकू छुरी तक आ पहुंची। इसी बीच दोनों पक्षों के युवक ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों साइड के एक- एक लड़के घायल हो गए हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

एक घायल युवक का नाम बजरंग नगर निवासी वैष्णव मरकाम है। वहीं दूसरे युवक का नाम आलोक कामड़े बताया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26